दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
नई दिल्ली। गुरुवार 26 जून-2025 | वर्ष : 10 अंक : 187 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3

## अंतरिक्ष के लिए रवाना हुए कैप्टन शुभांशु शुक्ला

### 1.4 बिलियन भारतीयों की उम्मीदें : पीएम मोदी




**नई दिल्ली:** आखिरकार वह घड़ी आ ही गई, जिसका हर भारतीय को बेसब्री से इंतजार था। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष के लिए उड़ान भर ली है। भारतीय समय के मुताबिक दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने अपनी टीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (क्रर) के लिए उड़ान भरी।

शुभांशु शुक्ला का यह मिशन कई मायनों में इसलिए भी खास हो जाता है, क्योंकि आज से पहले यह मिशन 6 बार टाला जा चुका है। कभी मौसम की वजह से तो कभी तकनीकी खामी बताकर कई बास इस मिशन को अब तक टाला गया, ऐसे में अब देश टकटकी लगाकर इस मिशन को देख रहा है।

**गगनयान मिशन के लिए हो चुका है चुनाव :** बता दें कि साल 2025 के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रुप कैप्टन शुभंशु शुक्ला को भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्री-नामित के

शेष, पृष्ठ 2




# थाने के सामने हत्या होती है तो सरकार आम लोगों की सुरक्षा कैसे करेगी: अजय राय

**- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मृतक रवि शर्मा के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया, मुआवजे की मांग की**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस ने प्रदेश में अपराध को योगी सरकार को कठघरे में खडा किया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि थाने के सामने युवक की सरेआम हत्या से प्रदेश की कानून-व्यवस्था की सच्चाई का पता चलता है। पुलिस थाने के सामने युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है और पुलिस वाले खडे होकर तमाशा देख रहे थे। कानून व्यवस्था अच्छी होने की दुहाई देने वाले अब कहां रह गए हैं।

बुधवार को मृतक रवि शर्मा के परिजनों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अपराधी सरकार की कानून व्यवस्था को चैलेंज किया है। थाने के सामने दिनदहाडे हुई इस हत्या से पुलिस और सरकार के दावे खोखले साबित हुए है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में एक नियमित डीजीपी नियुक्त नहीं कर पा रही है। यह सरकार भी कार्यवाहक सरकार है। आज नियमित डीजीपी नहीं होने से प्रदेश पुलिस का इकबाल कम हो रहा है। प्रदेश में लूट, हत्या, चेन स्नैचिंग, छेडखानी के मामले बढ रहे है। प्रदेश की योगी सरकार सिर्फ धर्म और जाति में लोगों को उलझाकर अपनी राजनीतिक उल्लू सीधा कर रही है। थाने के सामने जब हत्या हो रही है तो सरकार आम जनता की सुरक्षा कहां से करेगी?

उन्होंने कहा कि वे लखनउ पहुंचकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस हत्याकांड की उच्चस्तरीय जांच और दोषी पुलिसवालों के सस्पेंड की मांग करेंगे। इस दौरान कांग्रेस नेत्री डोली शर्मा भी उनके साथ मौजूद रहीं। अजय राय ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में उनके साथ है।

अजय राय ने कहा कि घटना बेहद दुखद और शर्मनाक है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवार को शीघ्र मुआवजा, कानूनी सहायता और सुरक्षा प्रदान की जाए।

अजय राय इससे पहले जौनपुर के तिहरे हत्याकांड और अलीगढ़ की हत्या की घटनाओं के पीड़ित परिवारों से भी मिल चुके हैं। वे लगातार प्रदेश में कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति को लेकर सरकार पर सवाल उठा रहे हैं। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव, जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, नसीम खान, संजीव शर्मा समेत बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आज गाजियाबाद में रहेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ
# अधिकारियों ने संभाली कमान

### जिलाधिकारी, एडिशनल सीपी, डीसीपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**- केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी कार्यक्रम में रहेंगे मौजूद**




गाजियाबाद, करंट क्राइम : गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साहिबाबाद स्थित सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के वार्षिक समारोह में भाग लेने के लिए बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। वह कार्यक्रम में यहां के कर्मचारियों को संबोधित करेंगे। तो ग्रीन डाटा सेंटर का शुभारंभ भी करेंगे। इसके साथ ही इस कार्यक्रम के लिए भारत सरकार के मंत्री जितेंद्र सिंह उपस्थित होंगे। तो वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम को लेकर बुधवार को गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा साहिबाबाद सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और मानसरोवर भवन इंदिरापुरम का निरीक्षण किया है। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा साफ सफाई, बैठने की व्यवस्था, सड़क से लेकर समयबद्ध तरीके से कार्यक्रम को सुनियोजित बनाने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### पुलिस के अधिकारियों ने संभाली सुरक्षा की कमान, बड़ी संख्या में तैनात रहेगा पुलिस बल

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद के साथ ही सुरक्षा एवं खुफिया तंत्र के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर रूट प्लान से लेकर कार्यक्रम में सुरक्षा का घेरा बनाने के साथ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी का चार्ट बना लिया है। साथ ही बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की सड़क पर ड्यूटी रहेगी। मुख्यमंत्री हिंडन एयरपोर्ट से उतरकर कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। इस दौरान मार्ग पर भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर इस बार अन्य जिलों से फोर्स नहीं लिया गया है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों द्वारा ही सुरक्षा की पूरी कमान संभाली जाएगी। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था मजबूत रहेगी।

### तमाम सरकारी विभागों ने कार्यक्रम स्थल के आसपास की बदली तस्वीर

करंट क्राइम : गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर बुधवार को पूरा सरकारी और प्रशासनिक अमला मुस्तैद नजर आया। कार्यक्रम स्थल के आसपास की तस्वीर बदलने की जानकारी मिल रही है। तो वहीं सड़क से लेकर पेड़ों की छंटाई, नालों की सफाई, गढ्डों की मरम्मत से लेकर डिवाइडर और स्ट्रीट लाइट भी ठीक की गई हैं। इसके साथ ही ग्रीन बेल्ट को ग्रीन बनाया गया है। वहीं सड़क पर चूने से लेकर अन्य व्यवस्था की गई है, यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के मद्देनजर किया जा रहा है।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पहले किया निरीक्षण



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के कार्यक्रम से पहले बुधवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अधिकारियों से बातचीत करने के साथ ही मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तो वहीं सुरक्षा, सजावट और साफ-सफाई से लेकर अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही जिलाधिकारी एवं पुलिस के अधिकारियों से इस पूरे कार्यक्रम को फुल प्रूफ बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### आईएएस अभिनव गोपाल ने एक और नया कीर्तिमान स्थापित किया
# इंग्लिश चैनल को 11 घंटे 19 मिनट में अपनी टीम के साथ तैर कर पार किया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** युवा आईएएस अधिकारी अभिनव गोपाल एक के बाद एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। अभिनव गोपाल ने इंग्लिश चैनल को अपनी टीम के साथ तैर कर पार किया है।

करीब 11 घंटे में इंग्लिश चैनल को अपनी टीम के साथ तैराकी कर पार किया है। इंग्लिश चैनल में तैराकी करना न सिर्फ मुश्किल है बल्कि खतरनाक और चुनौतीपूर्ण भी है। इंग्लिश चैनल अटलांटिक महासागर का एक हिस्सा है जो दक्षिणी इंग्लैंड को उत्तरी फ्रांस से अलग करता है।

इंग्लिश चैनल को दुनिया की सबसे बिजी शिपिंग रूट भी माना जाता है। इंग्लिश चैनल यूरोप और ब्रिटेन के बीच एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। इंग्लिश चैनल का सबसे छोटा हिस्सा करीब 33 किलोमीटर चौड़ा है। तैराकी के दौरान करंट होने के चलते करीब 55 किलोमीटर की तैराकी करने के बाद इस हिस्से को पार किया जाता है।

आईएएस अभिनव गोपाल बताते हैं इंग्लिश चैनल में इंग्लैंड से फ्रांस की ओर तैराकी की गई थी। 18 जून 2025 को सुबह करीब 3:00 बजे टीम के साथ तैराकी की शुरूआत हुई थी। करीब 11 घंटे 19 मिनट में इंग्लिश चैनल को तैर कर पार किया।

# पांच कंट्रोल रूम से कंट्रोल होगी गाजियाबाद की कांवड़ यात्रा

## मोदीनगर से लेकर टीलामोड़ तक होगी मॉनिटरिंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कांवड़ यात्राओं को लेकर जहां बैठकों का दौर चल रहा है। तो वहीं तैयारी भी बड़े स्तर पर की जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और प्रशासन के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार रूट पर पढ़ने वाले प्रमुख मंदिरों में इस बार विशेष सजावट और रोशनी की जाएगी। तो इसी के साथ कांवड़ यात्रा को कंट्रोल करने के लिए इस बार पांच कंट्रोल रूम भी स्थापित किए जाएंगे। इन कंट्रोल रूम में सीसीटीवी और ड्रोन के जरिए निगरानी होगी। तो लाइव फीड भी यहां उपलब्ध होगी। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के तीनों जोन के अंतर्गत एक-एक कांवड़ कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक कांवड़ कंट्रोल रूम में एक एसीपी स्तर के अधिकारी के अलावा कई इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और हेड कांस्टेबल भी तैनात किए जाएंगे। इसमें महिला और पुरुष दोनों स्तर के पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी ताकि कांवड़ यात्रा बिना किसी रूकावट के संचालित की जा सके।

### मोदीनगर राज चौपला से लेकर टीलामोड़ तक बनेंगे कंट्रोल रूम

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने जानकारी दी है की सुरक्षा के मद्देनजर मुख्य कंट्रोल रूम मोदीनगर राज चौपला में बनाया जाएगा। तो वहीं मुरादनगर, मेरठ रोड तिराहा, टीलामोड़ और जिला मुख्यालय कंट्रोल रूम के केंद्र रहेंगे, यह पांचो स्थान सीसीटीवी की फीड से कनेक्ट रहेंगे। जहां पर अलग-अलग स्थानों की लाइव फुटेज और भीड़ कंट्रोल से लेकर क्या नजारा है यह जाना जा सकेगा। इसके लिए बाकायदा सभी स्थान यानी कंट्रोल रूम पर एलईडी स्क्रीन भी लगाई जाएगी। बता दें की कांवड़ यात्रा के लिए गाजियाबाद, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली- एनसीआर से लाखों की संख्या में लोग गंगा जल लेने के लिए हरिद्वार, गोमुख और अन्य स्थानों पर जाते हैं। जब यह भक्त जल लेकर लौटते हैं तो मार्ग कांवड़ियों के लिए आवंटित कर दिया जाता है। जहां पर जगह-जगह कांवड़ियों का स्वागत एवं सत्कार होता है। तो बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई जाती है।



### 5जी तकनीक से चलेगा इंटरनेट और कंट्रोल रूम रहेगा कनेक्ट

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सिटी जोन के अंतर्गत जहां मुख्य कंट्रोल रूम मेरठ रोड तिराहे पर बनाया जाएगा। तो देहात जोन के अंतर्गत मोदीनगर राज चौपला और ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत टीलामोड़ थानाक्षेत्र में मुख्य कंट्रोल रूम होगा। इसके साथ ही इन सभी पांच प्रमुख कंट्रोल रूम में 5जी इंटरनेट सुविधा प्रदान की जाएगी ताकि सारे कैमरे आसानी से नजर आ सके और फुटेज भी उच्च क्वालिटी वाली उपलब्ध हो। आने वाले दिनों में कैमरे लगाने के साथ ही उसकी फीड को जांचने का अभियान भी शुरू कर दिया जाएगा।

# जगन्नाथ यात्रा को लेकर डीसीपी सिटी ने किया निरीक्षण



**- पूरे यात्रा मार्ग पर होगी पुलिस की तैनाती, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिटी जोन के डीसीपी धवल जायसवाल, एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा ने थाना कवि नगर और मधुबन बापूधाम पुलिस के साथ 27 जून शुक्रवार को निकाली जाने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर रूट एवं कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और पूरे रूट पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाए जाने से लेकर ट्रैफिक डायवर्जन और यातायात पुलिस के प्रबंध का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के बारे में जानकारी हासिल की है।

### सुरक्षा का रहेगा पूरा प्रबंध : धवल जयसवाल



करंट क्राइम : इस दौरान डीसीपी सिटी आईपीएस अधिकारी धवल जायसवाल द्वारा मंदिर के प्रबंधक सुरेश्वर प्रभु से भी मुलाकात की गई है और कार्यक्रम को लेकर उनसे बातचीत की गई। बता दें कि हर साल इस्कॉन मंदिर राजनगर की ओर से जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाती है। यह जगन्नाथ भव्य यात्रा पूरे संजय नगर इलाके से निकलती है और राज नगर मंदिर पर जाकर समाप्त होती है। इस दौरान जगह स्वागत होता है, तो इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ ही रॉक बैंड विशेष, विदेशी, प्रसादम और कई अन्य आयोजन होते हैं। तो विदेशी कृष्ण भक्त भी इस यात्रा का हिस्सा बनते हैं। सुरक्षा व्यवस्था ठीक-ठाक रहे और किसी प्रकार की कोई वारदात न होने पाए, इसको लेकर थाना प्रभारी कवि नगर योगेंद्र मलिक और थानाध्यक्ष मधुबन बापूधाम को आवश्यक दिशा निर्देश डीसीपी सिटी द्वारा दिए गए हैं।

## समीक्षा बैठक ने बढ़ाई हुई है अधिकारियों की टेंशन
# आज मुख्यमंत्री योगी लेंगे मीटिंग

**- कैलाश मानसरोवर भवन भी किया गया अपडेट**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में रहेंगे, उनके कार्यक्रम को लेकर युद्ध स्तर पर बुधवार को अधिकारियों से लेकर पुलिस-प्रशासन और नगर निगम व यूपीसीडा तक के अधिकारियों ने सड़क पर उतर करके इंतजाम और व्यवस्थाओं को फाइनल करने का काम किया है। विश्वसनीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को मुख्यमंत्री जहां कैलाश मानसरोवर भवन और सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड साहिबाबाद के कार्यक्रम में भाग लेंगे। तो इस दौरान कई प्रमुख विभागों के अधिकारियों के साथ वह समीक्षा बैठक भी कर सकते हैं। उधर जब से अधिकारियों को समीक्षा बैठक होने की जानकारी मिली है उसके बाद से उनके बाबूओं से लेकर अधिकारियों की टेंशन बढ़ी हुई बताई जा रही है। तो वहीं सीएम के कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां की गई हैं। तो बीते दिनों कराए गए गुड वर्क और महत्वपूर्ण कार्यों का लेखा जोखा तैयार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस से लेकर प्रशासन के अधिकारियों द्वारा बीते कुछ दिनों की कार्रवाई को व्यवस्थित ढंग से तैयार किया जा रहा है।

### अधिकारियों की समीक्षा बैठक ने बढ़ा दी टेंशन, सभी दे रहे हैं अपने-अपने विभाग पर अटेंशन

करंट क्राइम : गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में होंगे, तो बताया जा रहा है कि वह अधिकारियों के साथ यहां की तमाम व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक कर सकते हैं। वह अलग-अलग योजनाओं पर अधिकारियों से सीधे सवाल पूछ सकते हैं। तो उनकी प्रेजेंटेशन भी ले सकते हैं। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री की बैठक ने जहां अधिकारियों की टेंशन बढ़ा दी है, तो वहीं वह अपने-अपने विभाग के कार्यों, कमियों और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अटेंशन वाले मोड में भी आ गए हैं। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जहां तैयारी का सिलसिला जोरों पर चला है। तो वहीं बैठक में किन विषयों पर मुख्यमंत्री सवाल जवाब कर सकते हैं, इस पर भी गहन मंथन किया गया है।

### अभी जगह नहीं है क्लियर, कहां होगी मीटिंग

करंट क्राइम : सूत्र बता रहे हैं कि सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में कार्यक्रम लेने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन पहुंचेंगे। यहां पर वह प्रमुख विभागों के शीर्ष और उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सकते हैं। इस बैठक में जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी देखने को मिल सकती है। तो वही इस बैठक में मुख्यमंत्री का क्या रुख रहेगा और किस विभाग पर अधिक फोकस रहेगा, इसका पता तो गुरुवार को उनकी बैठक होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल बैठक स्थल कैलाश मानसरोवर भवन रहेगा या कार्यक्रम स्थल पर ही कोई अलग से व्यवस्था रहेगी, यह अभी सस्पेंस बना हुआ है।




# बारिश ने पूरी 'सूरत' बिगाड़ दी, 28 जून तक समुद्र में जाने पर रोक












## अहमदाबाद नगर निगम के स्कूलों को बंद करने का आदेश

**अहमदाबाद/सूरतः** गुजरात में मानसून के सक्रिय होने के बाद राज्य के काफी इलाकों मे भारी बारिश हो रही है। सूरत में रविवार रात से आज सुबह 8 बजे तक लगातार तेज बारिश हो रही है। सोमवार सुबह 8 बजे से अब तक लगभग 9 इंच बारिश दर्ज की गई है। तेज बारिश के कारण शहर और जिले के निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं और कई जगहों पर पानी भर गया है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। सूरत सेंट्रल बस स्टेशन से चलने वाली एसटी बस सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी गई हैं। ड्राइवरों को पानी भरे इलाकों में बस न ले जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा पानी में फंसे लोगों के लिए लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है और नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

गुजरात में मानसून ने पिछले 24 घंटों में जमकर कहर बरपाया है। राज्य के 159 तालुकों में हल्की से भारी बारिश दर्ज की गई, जिससे कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति देखने को मिली। स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशंस सेंटर के अनुसार, जामनगर के जोडिया में सबसे ज्यादा 7.17 इंच बारिश हुई, इसके बाद मेन्दरदा (5.7 इंच), अमीरगढ़ (5.0 इंच), केशोद (4.9 इंच), कलावड (4.6 इंच) और पालसाना (5.6 इंच) में भारी बारिश हुई।

**आसमान से बरसी आफत मानसून का कहर**

### आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले कुछ दिनों तक बारिश जारी रहने की चेतावनी दी है। अमरेली, भावनगर, नवसारी, वलसाड, बोटाड, अरावली, महिसागर, दाहोद, वडोदरा, आनंद, भरूच और पंचमहल जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा, बनासकांठा, साबरकांठा, तापी, सूरत, डांग, मेहसाणा, गांधीनगर, अहमदाबाद, सुरेंद्रनगर, खेड़ा, राजकोट, गिर सोमनाथ, जूनागढ़, छोटा उदेपुर और नर्मदा में भारी बारिश का पूवार्नुमान है। 24 जून को सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात के 16 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। अमरेली, भावनगर, नवसारी और वलसाड के लिए ऑरेंज अलर्ट, जबकि राजकोट, जूनागढ़, गिर सोमनाथ, भरूच, नर्मदा, सूरत, तापी, डांग, वडोदरा, छोटा उदेपुर, पंचमहल और दाहोद के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### रेड-ऑरेंज अलर्ट वाले क्षेत्रों में एनडीआरएफ तैनात

25 जून को अरावली, महिसागर, दाहोद, पंचमहल, छोटा उदेपुर, नवसारी, वलसाड, भावनगर और अमरेली के लिए ऑरेंज अलर्ट है। पोरबंदर, जूनागढ़, बोटाड, आनंद, अहमदाबाद, गांधीनगर और साबरकांठा में भी अच्छी बारिश हो सकती है। 26 से 28 जून तक पूरे गुजरात में बारिश, गरज और बिजली के साथ मानसून का असर बना रहेगा।

# अंतरिक्ष के लिए रवाना हुए कैप्टन शुभांशु शुक्ला

## 1.4 बिलियन भारतीयों की उम्मीदें : पीएम मोदी






**नई दिल्लीः** आखिरकार वह घड़ी आ ही गई, जिसका हर भारतीय को बेसब्री से इंतजार था। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष के लिए उड़ान भर ली है। भारतीय समय के मुताबिक दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने अपनी टीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (क्र) के लिए उड़ान भरी।

शुभांशु शुक्ला का यह मिशन कई मायनों में इसलिए भी खास हो जाता है, क्योंकि आज से पहले यह मिशन 6 बार टाला जा चुका है। कभी मौसम की वजह से तो कभी तकनीकी खामी बताकर कई बास इस मिशन को अब तक टाला गया, ऐसे में अब देश टकटकी लगाकर इस मिशन को देख रहा है।

**'मेरे कंधे पर मेरा तिरंगा', अंतरिक्ष के रास्ते से शुभांशु शुक्ला का पहला संदेश**

**गगनयान मिशन के लिए हो चुका है चुनाव :** बता दें कि साल 2025 के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रुप कैप्टन शुभंशु शुक्ला को भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्री-नामित के रूप में पेश किया था। अब शुभंशु शुक्ला बुधवार को अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा पर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं।

**क्या है इस मिशन का लक्ष्य? :** कैप्टन शुभांशु अमेरिकी, पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्रियों के साथ मिशन पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भर रहे हैं। बता दें कि कैप्टन शुभांशु का मिशन 14 दिनों का विज्ञान है। इस मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष को सुलभ और सस्ता बनाना और एक निजी अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करना है, जो पुराने हो रहे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की जगह लेगा।

**कल डॉकिंग करेगा अंतरिक्ष दल :** ग्रुप कैप्टन शुभंशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के रूप में काम करेंगे। वह स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान में फाल्कन-9 रॉकेट पर सवार होकर पर उड़ान भरेंगे।

# आपातकाल की 50वीं बरसी

## पीएम मोदी ने कांग्रेस को दिखाया आईना




**नई दिल्लीः** देश में इमरजेंसी लगे आज 50 साल पूरे हो चुके हैं। उस समय कांग्रेस की सरकार थी और इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं। तब देश में ऐसा तूफान उठा, जिससे हर एक भारतीय को जूझना पड़ा था। आपातकाल का वो काला अध्याय आज ही लोगों के जहन में बुरे सपने की तरह जिंदा है। इतिहास भी उस काले अध्याय को अपने पन्ने से कभी मिटा नहीं सकेगा। पीएम नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा ने आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर उसके दंश को याद करते हुए एक्स पर पोस्ट के जरिए अपना दर्द बयां किया है।

**आपातकाल, संविधान हत्या दिवस :** पीएम मोदी ने पोस्ट में कहा कि आज भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक, आपातकाल लागू होने के 50 साल पूरे हो गए हैं। भारतीय इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते हैं।

इस दिन, भारतीय संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया था। इतना ही नहीं प्रेस की स्वतंत्रता को भी खत्म कर दिया गया और कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया था। ऐसा लगता है जैसे उस समय सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था।

**इमरजेंसी विरोधी आंदोलन से सीखने को मिला :** पीएम मोदी ने अपने दूसरे पोस्ट में कहा कि जब आपातकाल लगा था, उस समय वह आरएसएस के युवा प्रचारक थे। इमरजेंसी विरोधी आंदोलन उनके लिए सीखने का एक अनुभव था। इसने हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को बचाए रखने की अहमियत को फिर से पुष्ट किया। साथ ही उनको राजनीतिक स्पेक्ट्रम के सभी लोगों से बहुत कुछ सीखने को मिला।

**कांग्रेस की नीयत आज भी वैसी ही तानाशाही वाली है :** बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप कर देश के संविधान की हत्या कर दी थी।

# जम्मू-कश्मीर में बॉर्डर पार करने की पाक आतंकियों की कोशिश नाकाम



**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान अपने नापाक हरकतों को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहा है। वहीं, सुरक्षाबल लगातार उन्हें मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। पहलगाम हमले के बाद एक बार फिर से दहशतगर्द घाटी में एक्टिव होने में जुटे हैं।

बीते दिन (मंगलवार) को भारतीय सेना राजौरी जिले के केरी क्षेत्र में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तानी आतंकियों की बड़ी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया है।

कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, ऑपरेशन के दौरान एक आतंकी को ढेर कर दिया और एक को घायल कर दिया है। मारे गए पाकिस्तानी आतंकी का बॉडी नियंत्रण रेखा के पास पड़ा है। हालांकि, इसकी आधिकारिक तौर पर घोषणा नहीं की गई है। वहीं, घायल आतंकी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में भाग गया। घने जंगल की आड़ में करीब तीन से चार आतंकियों का समूह भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था, जिससे सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया है।

घाटी में बढ़ते आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर राजौरी, पुंछ, सांबा और कठुआ में सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया है। पीटीआई के अनुसार, सैनिकों ने दहशतगर्दों पर करीब दो दर्जन राउंड फायरिंग की और ड्रोन की तैनाती की है।

# आपातकाल की अनछुई कहानी : जब इंदिरा गांधी ने जयप्रकाश के उपचार के लिए दान किए 90 हजार रुपये




**नई दिल्ली।** आपातकाल के दौर में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने सबसे बड़े आलोचक जयप्रकाश नारायण (जेपी) के उपचार के लिए 90 हजार रुपये की बड़ी रकम दान की थी। जेपी उस समय आपातकाल के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन के नेता थे। यह खुलासा एक नई किताब में हुआ है। इस किताब के मुताबिक, इंदिरा गांधी ने यह दान उस समय किया, जब जेपी की तबीयत बहुत खराब हो गई थी और उन्हें एक जीवन रक्षक पोर्टेबल डायलिसिस मशीन की सख्त आवश्यकता थी।

**इंदिरा गांधी ने दान के रूप में भेजा चेक :** इस किताब में बताया गया है कि इलाज का खर्च और नियमित डायलिसिस की चिंता बढ़ने लगी थी।

# 'देश में आज अघोषित आपातकाल' : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि देश में अघोषित आपातकाल लागू है। उन्होंने भाजपा सरकार पर अपनी प्रशासनिक विफलता को छिपाने के लिए संविधान हत्या दिवस का नाटक करने का आरोप लगाया। आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कटाक्ष पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि जिस सरकार में सहनशीलता नहीं है और जो भाईचारे और आजादी को पनपने नहीं देती, उसे दूसरों को उपदेश देने का कोई अधिकार नहीं है।



**भाजपा-आरएसएस पर साधा निशाना :** कांग्रेस के इंदिरा भवन में एक आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में खरगे ने भाजपा-आरएसएस की आलोचना की और कहा कि 'जिन लोगों ने देश की आजादी, संविधान निर्माण में कोई भूमिका नहीं निभाई और बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को खारिज कर दिया, वे आपातकाल लागू होने के 50 साल बाद आपातकाल का मुद्दा उठा रहे हैं।' प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करते हुए खरगे ने कहा कि उनके और उनके शासन के कारण संविधान खतरे में है।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं अवधपाल सिंह तोमर पुत्र श्री निरंजन सिंह व कृष्णा पत्नी अवधपाल सिंह निवासीगण 132/22 सिरोही एन्कलेव वृन्दावन गार्डन साहिबाबाद गाजियाबाद अपने पुत्र सिद्धार्थ तोमर पुत्रवधू नेहा अरोड़ा को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। भविष्य में अपने समस्त कृत्यों के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 26 जून-2025
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# जब जीएसटी संवाद में सांसद अतुल गर्ग ने रख दी व्यापारियों के मन की बात

## कहा- कलम को हथकड़ी ना समझें अधिकारी








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मौका पीडब्ल्यूडी अकादमी में जीएसटी संवाद का था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग मौजूद थे। जीएसटी को लेकर व्यापारियों और अधिकारियों के बीच संवाद था। इस कार्यक्रम में व्यापारी भी मौजूद थे, जीएसटी विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे और यहां मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद थे तो उद्योगपति के रूप में समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जीएसटी को लेकर होने वाली परेशानी को अधिकारियों के सामने रखना था और अधिकारी भी हर विषय पर अपना पक्ष रख रहे थे। माइक जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के हाथ में आया तो उन्होंने अपने शब्दों से कुछ ऐसा कह दिया कि जो व्यापारियों के दिल को छू गया। अतुल गर्ग ने माइक संभाला और जब उन्होंने बात रखी तो उनके शब्दों पर जमकर तालियां बजीं। ये लगा कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने अपनी जुबान से व्यापारियों के मन की बात रख दी है। अतुल गर्ग ने दरअसल व्यापारियों के सम्मान की बता की थी और हॉल में तालियां उस समय बजीं जब अतुल गर्ग ने ये कहा कि अधिकारी कलम को हथकड़ी ना समझें।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने माइक संभाला और कहा कि अक्सर व्यापारियों की ये शिकायत होती है कि छोटी-छोटी बातों पर माल से लदे ट्रक रोक लिये जाते हैं, जुमार्ना लगे, अपील हो और चालान हो, लेकिन ट्रक छूट जाए तो ठीक है। मगर, ट्रकों को रोके जाने को लेकर उन्होंने कहा कि जब किसी कार का चालान होता है तो कार स्वामी को एक मीमो दिया जाता है और जुमार्ने की राशि बाद में जमा हो जाती है। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि इसी तरीके से अगर कोई कमी है तो ट्रक रोकने की जरूरत क्या है। उन्होंने ट्रक रोके जाने को व्यापारियों के सम्मान से जोड़ा और कहा कि जब जीएसटी का व्यापारी 50 लाख रुपए का माल ले जा रहा है तो क्या विभाग को इतना यकीन नहीं है कि वो 50 हजार रुपए जमा करा सकता है।

ट्रक रोककर क्या मिलेगा, चालान कर दीजिए वो धनराशि को जमा करा देगा। ये बात हॉल में मौजूद सभी व्यापारियों को अच्छी लगी। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि कम से कम इतनी गुडविल तो जीएसटी विभाग में निगाह में व्यापारी की होनी ही चाहिए। उन्होंने कहा कि एक व्यापारी बिजनेस करता है और अपने बिजनेस में वो टैक्स की वसूली भी करता है और फिर एक महीने का टैक्स उधार होता है जिसे व्यापारी बाद में जमा करता है, लेकिन ये नहीं होना चाहिए कि अगर किसी व्यापारी का ट्रक पकड़ लो तो पहले वो पैसे जमा करेगा। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि व्यापारी चालान के पैसे लेकर भाग तो नहीं जाएगा। व्यापारी का भी सम्मान होता है और ट्रक रोकने के बजाय मीमो दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि व्यापारी का सम्मान होना चाहिए। यहां सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि कलम का मतलब हथकड़ी नहीं है। अगर आपके हाथ मे कलम है तो इसे हथकड़ी मत बनाइए। सांसद अतुल गर्ग ने अपनी स्विटजरलेंड की यात्रा का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां मेरे पास कुछ कूपन थे और हम उन्हें ट्रेन का टिकट समझकर ट्रेन में चढ़ गए। जब टीटी आया तो हमने उसे कूपन दिये तो टीटी ने बेहद सम्मानजनक तरीके से हमें ये बताया कि आप अगले स्टेशन पर इन कूपन को कनवर्ट कराकर टिकट ले लेना। कहीं कोई जुमार्ना नहीं, कहीं कोई बात नहीं और पूरा सम्मान।

अतुल गर्ग ने कहा कि अगर इनटेंशन ठीक हो तो फिर सख्ती नहीं होनी चाहिए। सांसद अतुल गर्ग ने इस कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि जीएसटी आज के समय की जरूरत है। देश ने तरक्की की है और जीएसटी के अधिकारियों का भी सम्माना होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जनता नंबर दो का बिजनेस नहीं करना चाहती और यहां उन्होंने गोपालदास नीरज की कविता का उदाहरण देते हुए कहा कि ह्यशोखियों में घोला जाए फूलों का शबाब, उसमें फिर मिलाई जाए थोड़ी सी शराबह्ण इसी तरह से उन्होंने कहा कि जीएसटी वाले मामलों में थोड़ी ममता और थोड़ा विश्वास डालिये, व्यापारी को सम्मान दीजिये, टैक्स स्वंय आ जाएगा।

### समय के साथ-साथ हो रहा है जीएसटी की कमियों में सुधार : संजीव गुप्ता





करंट क्राइम। जीएसटी संवाद कार्यक्रम में गाजियाबाद जिले के प्रमुख उद्योगपति समरकूल के चेयरमैन संजीव गुप्ता भी मौजूद थे। संजीव गुप्ता ने कूलर व्यवसाय से लेकर अन्य उत्पादों में खुद को एक ब्रांड के रूप में स्थापित किया है। प्रदेश सरकार ने उन्हें हाल ही में सम्मानित किया है। संजीव गुप्ता ने उद्योग जगत में गाजियाबाद को एक नई पहचान दी है। सबसे बड़ी बात ये है कि वो एक उद्योगपति होने के साथ-साथ एक उदार हृदय समाजसेवी भी हैं। बात चाहे व्यापार की हो, बात चाहे सरकार की हो संजीव गुप्ता की सोच में समन्वय सबसे आगे रहता है। सही मायनों में वो प्रधानमंत्री के आदर्श वाक्य ह्यसबका साथ-सबका विकासह्ण को अपनी सोच में समाहित कर चुके हैं। पूरे समूह को साथ लेकर चल रहे हैं। कारोबार हो या परिवार वो सबका साथ-सबका विकास की नीति पर चलते हैं। जीएसटी संवाद कार्यक्रम में जब उद्योगपति तथा समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता को माइक मिला तो यहां उन्होंने समन्वय के मूल से अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि एक जुलाई 2017 को उत्पादों पर जीएसटी लागू हुई थी और आज संवाद भी इसी बात को लेकर है कि हम मौजूदा कमियों को कैसे दूर करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी और व्यापारी दोनों ही इस दिशा में प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि कई कमियां हैं और समय के साथ-साथ वो ठीक हो रहे हैं। व्यापारी सुझाव देते हैं और अधिकारी उन सुझावों पर काम करते हैं। उन्होने कहा कि कई वर्षों में कई नए सर्कुलर आए हैं और समय-समय पर कई परिवर्तन हुए हैं। संजीव गुप्ता ने कहा कि सबसे बड़ी बात ये है कि जीएसटी लागू होने के बाद से व्यापारियों को कई फायदे हुए हैं। उसे कई अनावश्यक फार्म भरने की कागजी कार्यवाही से छुटकारा मिला है। अलग-अलग राज्यों की अलग टैक्स व्यवस्था की जटिल प्रक्रिया खत्म हुई है। संजीव गुप्ता ने कहा कि पहले कोई मशीन लाने में कागजी कार्यवाही में समय लगता था अब इसमें राहत मिली है। उन्होंने यहां जीएसटी अधिकारी लवानिया और दूसरे अधिकारी संजय का जिक्र किया। संजीव गुप्ता ने कहा कि हमें देश को तरक्की की राह पर ले जाना है और ब्यूरोक्रेसी भी इस बात को समझे कि अर्थ व्यवस्था की रीढ व्यापारी होता है। व्यापारी एक ऐसी धुरी है जो सरकार को राजस्व देता है, जनता को रोजगार देता है और किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में वो अपना सबसे सकारात्मक योगदान देता है। इसलिये व्यापारी को सम्मान जरूर मिलना चाहिए। इस संवाद कार्यक्रम में समरकूल संजीव गुप्ता ने व्यापारियों के सम्मान की बात रखी और यहां उन्होंने जीएसटी के अधिकारियों के भी सम्मान की बात रखी। सहयोग और समन्वय के साथ कार्य संस्कृति को विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अब सरकार की नीतियों के कारण चीजें पूरी तरह पारदर्शी हो चुकी हैं। यह स्थिति जीएसटी के अधिकारी और व्यापारी दोनों के लिये उत्तम हैं। समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता ने अपनी सारगर्भित शैली में जीएसटी के विषय पर सुझाव भी रखे।

# 'पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कहा आपातकाल से रहा था पूरे देश में डर का माहौल'




जयप्रकाश नारायण के गाजियाबाद आगमन से पूर्व संघर्ष समिति द्वारा आयोजित सभा को संबोधित करते हुए बालेश्वर त्यागी।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 25 जून 1975 को दिल्ली के रामलीला मैदान में जयप्रकाश नारायण की अभूतपूर्व जनसभा के बाद देर रात तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश भर में आपात काल लागू कर दिया।इसकी घोषणा 26जून को इंदिरा गांधी ने अपने देश के नाम संदेश में की थी। जयप्रकाशनारायण सहित देश के विपक्षी नेताओं को सरकार का तख्ता पलटने के आरोप में डीआईआर में गिरफ्तार कर लिया गया। नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर भी रोक लगा दी गई। सभा करने , अपना मत प्रचारित प्रसारित करने जैसे सभी अधिकार समाप्त कर दिए गए। अखबारों पर सेंसर शिप लगा दी। कोई भी समाचार छापने से पहले सरकार के अधिकारी से स्वीकृति लेनी पड़ती थी। संविधान में संशोधन कर के लोक सभा का कार्यकाल बढ़ा दिया। न्यायालयों के अधिकारों में भी कटौती कर दी। देश भर में बड़ी संख्या में विरोधी दलों के कार्यकताओं को गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया।

देश भर में डर का माहौल था। कोई कब पकड़ कर जेल में डाल दिया जाएगा। लोग बसों में ट्रेनों में चाय की दुकानों पर बात करने से पहले चारों तरफ देखते थे कि कोई सुन तो नहीं रहा है। लगता था कि अब जो लोग जेल में हैं कभी बाहर नहीं आ पाएंगे। कांग्रेस के नेताओं की शिकायतों पर और पुलिस स्वयं भी किसी को भी जेल भेज देती थी। पहले गिरफ्तारियां डिफेंस आफ इंडिया रूल्स के अंतर्गत की गई। बाद में जब कुछ न्यायालयों ने डीआईआर में भी जमानत दे दी तो सभी को मीसा ( मेंटिनेंस आफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट) के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। मीसा में बिना किसी कारण बताए 6 माह तक निरुद्ध रखने का अधिकार था। आखिरकार देश में आंदोलन, अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और गुप्तचर विभाग की इस रिपोर्ट के आधार पर कि चुनावों में इंदिरा गांधी जी की विजय होगी मार्च 1977में लोक सभा चुनाव की घोषणा कर दी। चुनावों में स्वयं इंदिरा गांधी जी और उनके बेटे संजय गांधी भी लोक सभा चुनाव हार गए।जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय हो गई। आपात काल समाप्त हो गया।

जिन्होंने गुलामी नहीं देखी उन्हें आजादी का वैसा आनंद अनुभव नहीं होता जैसा गुलामी में रहे लोगों को होता है। जिन्होंने आपात काल देखा है , भुगता है उन्हें मानवीय संवेदना। मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता का अर्थ कुछ ज्यादा अनुभव होता है। जिसने आपात काल नहीं देखा है उसे शासन के द्वारा पैदा किए भय और आतंक का आज अहसास नहीं हो पाता है।

# एसडीएम मोदीनगर निखिल चक्रवर्ती के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई

## 500 बीघा जमीन कब्जामुक्त करवाई, जिलाधिकारी के निर्देश पर लिया गया एक्शन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देश पर बुधवार को गाजियाबाद में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, एसडीएम मोदी नगर और ग्राम विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बड़ी कार्रवाई की गई है। मोदीनगर तहसील जनपद गाजियाबाद के ग्राम सैदपुर हुसैनपुर डीलना में लगभग 500 बीघा लंबे समय से कब्जे वाली जमीन खाली करवाई गई है। इस प्रकरण में मार्च 2025 में तात्कालिक उप जिलाधिकारी पूजा गुप्ता इस द्वारा आदेश पारित करते हुए भूमि ग्राम सभा में दर्ज कराई गई थी। जिस पर अब राजस्व टीम द्वारा कब्जा किया गया है। यह कार्रवाई उप जिलाधिकारी मोदीनगर निखिल चक्रवर्ती, तहसीलदार मोदीनगर रजत सिंह, नायब तहसीलदार मोदीनगर सचिन पंवार, खंड विकास अधिकारी भोजपुर पियूष राय और प्रभारी निरीक्षक भोजपुर की टीम द्वारा की गई है। इस द्वारा मौके पर पुलिस बल और एसडीएम मोदीनगर निखिल चक्रवर्ती की देखरेख में पूरी कार्रवाई को किया गया है। बता दें कि गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ रहे हैं और उनके आने से पहले कब्जा मुक्त बड़ी भूमि को खाली कराने और अपने कब्जे में लेने की गाजियाबाद पुलिस- प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई से कई संदेश देने का काम किया है।

### दोबारा कब्जा नहीं होने दी जाएगी जमीन : एडीएम मोदी नगर

करंट क्राइम : बुधवार को कब्जा मुक्त भूमि करवाते हुए उप जिलाधिकारी मोदीनगर निखिल चक्रवर्ती द्वारा अवगत कराया गया है की तहसील मोदीनगर क्षेत्र में किसी भी दशा में सरकारी भूमि पर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। भविष्य में अगर कहीं पर इस प्रकार की शिकायत मिली तो वहां कड़ी कार्रवाई की जाएगी और ऐसा करने वालों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। उधर अधिकारियों का कहना है कि जिस तरीके से यह बड़ी भूमि सरकार को मिली है, इसमें कोई बड़ी योजना या महत्वपूर्ण परियोजना को शुरू किया जा सकता है। साथ ही यह मुख्य मार्ग और तीन गांव की कनेक्टिविटी से जुड़ा हुआ हिस्सा है, जो औद्योगिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण भू हिस्सा रहेगा। इसपर जिस तरीके से अधिकारियों द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है, वह अपने आप में महत्वपूर्ण हो जाता है।

### एसडीएम निखिल चक्रवर्ती का हुआ सिद्धार्थनगर तबादला, वर्किंग रही है हाई



करंट क्राइम : गाजियाबाद में लंबे समय तक एसडीएम रहे और कुछ दिनों पूर्व मोदी नगर एसडीएम की जिम्मेदारी संभाल रहे निखिल चक्रवर्ती का बीते दिनों सिद्धार्थ नगर तबादला हो गया है। फिलहाल वह गाजियाबाद में मोदीनगर का प्रभार संभाले हुए हैं। उनकी गाजियाबाद में गिनती एक गुड वर्किंग अधिकारी के रूप में होती रही है। उन्होंने यहां लंबी पारी के दौरान तमाम महत्वपूर्ण कार्यों में भूमिका निभाई है। तो आमजन में भी उनकी लोकप्रियता रही है। वह सामाजिक कार्यक्रमों और क्रिकेट को लेकर भी अपनी पहचान रखते हैं। एसडीएम रहते हुए कांवड़ यात्रा के दौरान उनके द्वारा कांवड़ियों पर कराई गई पुष्प वर्षा की फोटो और वीडियो आज भी अधिकारियों द्वारा शेयर की जाती है। कुल मिलाकर गाजियाबाद में लंबी पारी खेलने वाले एसडीएम निखिल चक्रवर्ती अब सिद्धार्थनगर में भी गाजियाबाद जैसी वर्किंग चालू रखेंगे और उनका वर्किंग का अंदाज ऐसा ही रहेगा। उनके कर्मचारी और अधिकारियों द्वारा ऐसी ही कामना की जा रही है।

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय : मयंक गोयल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद के अध्यक्ष मयंक गोयल ने 25 जून को आपातकाल की 50वीं बरसी पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला दिन करार दिया।

उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाया गया आपातकाल भारतीय संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों का गला घोंटने वाली शर्मनाक घटना थी। मयंक गोयल ने कहा कि इंदिरा गांधी की सत्ता लोलुपता ने न्यायपालिका, मीडिया और आम नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचल दिया था। हजारों निर्दोषों को जेलों में ठूंस दिया गया, प्रेस पर सेंसरशिप लगाई गई, और देश को एक व्यक्ति की तानाशाही में धकेल दिया गया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि आज भी कांग्रेस वही मानसिकता रखती है, जो आपातकाल में सामने आई थी। लोकतंत्र की रक्षा का दावा करने वाले आज जवाब दें कि क्या उन्होंने कभी उस अपराध के लिए सार्वजनिक माफी मांगी है? मयंक गोयल ने युवाओं से अपील की कि वे इस काले दिवस को याद रखें और समझें कि लोकतंत्र की कीमत क्या होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारें और कार्यकर्ता हर स्तर पर संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# देवतुल्यों का इंतजार बढ़कर पहुंचेगा दिसंबर के महीने तक

## पता चलेगा कितना जज्बा, कितनी वफाएं हैं किसके सीने में




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में बातें सेवा की होती है, लेकिन कैलकुलेशन सेवा के बदले मिलने वाली मेवा को लेकर चल रहा होता है। संगठन हो या सदन हो, हर कोई कृपा चाहता है। भाजपा की बात करें तो यहां महानगर अध्यक्ष घोषित होने के बाद से ही महानगर की टीम में आने के लिये कई चेहरे लगातार जोर लगा रहे हैं। अध्यक्ष की घोषणा हो गई और अब किसी का अरमान है कि वो महामंत्री बने, किसी को उपाध्यक्ष बनना है तो कोई महानगर मंत्री बनना चाहता है। बहुत सारे देवतुल्य ऐसे हैं जो मोर्चा प्रकोष्ठ में एडजस्ट होना चाहते हैं। मंडल अध्यक्षों की ताजपोशी हो चुकी है। मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष घोषित हुए और अध्यक्ष बनने के बाद फिर पार्टी के कई आयाम आए। अध्यक्ष के तौर पर मयंक गोयल ने सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किये। लेकिन उनके सामने भी एक बड़ी चुनौती ये है कि वो अध्यक्ष जरूर बन गए हैं, लेकिन पुरानी टीम से ही काम चलाना पड़ रहा है। क्योंकि जब तक नई टीम घोषित नहीं होगी तब तक पुराने पदाधिकारी एक्स नहीं होंगे। वो निवर्तमान पदाधिकारी हैं। इन सबके बीच खबर ये है कि जो चेहरे अपनी ताजपोशी का इंतजार कर रहे हैं, जो महानगर वाली टीम में शामिल होने का इंतजार कर रहें हैं तो उनका इंतजार दिसंबर के महीने तक बढ़ सकता है। सूत्र बताते हैं कि दिसंबर के महीने तक महानगर की टीम घोषित होने का प्रोग्राम टल सकता है। इसकी वजह प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा बताई जा रही है। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा के बाद भी एक लंबा समय महानगर वाली टीमों को घोषित होने में लगेगा और इस दौरान बड़ी चुनौती महानगर और जिलाध्यक्ष के सामने रहेगी। महानगर अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल ने सफल कार्यक्रम कराए हैं और यहां उनका व्यक्तिगत तजुर्बा काम आता है। लेकिन जो चेहरे इंतजार कर रहे हैं अब वो चेहरे भी हांफने लगे हैं। दरअसल अध्यक्ष की ताजपोशी के बाद से कई ऐसे चेहरे मयंक गोयल के आसपास हैं जो पहले हाशिए पर थे और अब अचानक से एक्टिव हुए हैं। ये चेहरे संजीव शर्मा के कार्यकाल के दौरान साइलेंट मोड पर थे और अब उन्होंने सक्रियता का एक्सीलेटर दबा दिया है। वो अब अधिक मुखर होकर काम कर रहे हैं। वहीं महानगर की निवर्तमान टीम भी काम कर रही है। इनमें कुछ चेहरों को उम्मीद है कि वो रिपीट होंगे और कुछ चेहरे इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि वो केवल समर्थन के चक्कर में डिफीट होंगे। ऐसे में अब सभी की निगाहें टीम की घोषणा पर है। वहीं दूसरी तरफ एक लॉबी ये भी मानती है कि भले ही ड्यूरासेल की बेटरी अधिक समय तक चलती है लेकिन एक समय के बाद वो भी डाउन हो जाती है। ऐसे में जो टीम अब तन्मयता से लगी हुई है वो टीम धीरे-धीरे दफ्तर की परिक्रमा करना बंद करेगी और फिर से अध्यक्ष से भी दूरी बनाएंगे। सही बात ये है कि आखिर ये कब तक आएंगे। वहीं सूत्र बता रहे हैं ताजपोशी घोषणा वाला सीन दिसंबर तक बढ़ने जा रहा है। कई चेहरे तो पहले ही साइलेंट मोड पर जाने लगे हैं। ताजपोशी में हो रही देरी महानगर संगठन के लिये चुनौती है क्योंकि जितनी देरी होगी उतना कार्यकर्ता दूर जाएंगे। पार्टी वाले ही कहते हैं कि ये तो मयंक गोयल की अपनी काबलियत है कि वो भीड़ जुटा लेते हैं, कार्यकताओं को बुला लेते हैं, लेकिन भाजपा वाले ही मानते हैं कि सबका अपना-अपना रूल है और वो ये भी कह रहे हैं कि अभी जो नजर आ रहे हैं वो कब तक नजर आएंगे और अगर कार्यक्रमों की रफ्तार यही रही तो ये चेहरे थककर बैठक जाएंगे और तब यही देखा जाएगा कि कौन सा देवतुल्य कौन से खेमे में चला जाएगा।

## संपादकीय

# भरोसे को भी धकेला

पिछले कुछ समय से दिल्ली और अन्य शहरों–महानगरों में एक विचित्र स्थिति पैदा हो रही है कि बहुत मामूली बातों पर भी दो लोग या पक्ष आपस में हिंसक टकराव पर उतर आते हैं, जिसमें कई बार किसी की जान चली जाती है।

दिल्ली में छत से धक्का देकर एक लड़की की हत्या को आम आपराधिक घटना माना जा सकता है, लेकिन इससे यह भी जाहिर होता है कि पिछले कुछ समय से अपराध का दायरा कैसे चिंताजनक रूप से फैल रहा है। खबर के मुताबिक, एक युवक ने लड़की को पांचवीं मंजिल से नीचे धक्का दे दिया और फरार हो गया। इलाज के दौरान लड़की की मौत हो गई। माना जा रहा है कि आरोपी पहले से परिचित था, लेकिन जिस तरह वेश बदल कर वह वहां गया था, उससे उसकी मंशा समझी जा सकती है। घटना की तहें जांच के बाद साफ होंगी, लेकिन इतना तय है कि अगर युवक के भीतर लड़की की हत्या करने का दुस्साहस आया तो इसका एक कारण उसका कानूनी कार्रवाई से बेखौफ होना भी हो सकता है।

आमतौर पर ऐसी घटनाओं के बाद पुलिस की नींद देर से खुलती है और शायद यही वजह है कि आपराधिक घटनाओं में कमी नहीं आ पा रही। खासतौर पर महिलाओं के सामने यह चुनौती खड़ी हो रही है कि आपराधिक वृत्ति के युवकों की मनमानी के बीच वे कैसे सुरक्षित महसूस करें। क्या यह दिल्ली की कानून–व्यवस्था पर एक सवाल नहीं है?

पिछले कुछ समय से दिल्ली और अन्य शहरों–महानगरों में एक विचित्र स्थिति पैदा हो रही है कि बहुत मामूली बातों पर भी दो लोग या पक्ष आपस में हिंसक टकराव पर उतर आते हैं, जिसमें कई बार किसी की जान चली जाती है। इसके अलावा, एक चिंताजनक पहलू यह है कि प्रेम के नाम पर किसी युवक की मनमानी का विरोध करने या इनकार करने पर लड़की की हत्या तक कर दी जाती है।

यह एक ओर कानून–व्यवस्था की विफलता है कि आपराधिक मानस वाले लोगों के भीतर उसका खौफ नहीं दिखता, तो दूसरी ओर यह समाज की भी नाकामी है कि वह लड़कों के भीतर महिलाओं के प्रति जरूरी संवेदनशीलता पैदा नहीं कर पाता। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अगर सरकार और समाज के स्तर पर इस तरह की आपराधिक वृत्ति की रोकथाम के लिए समय पर जरूरी कदम नहीं उठाए गए तो इसका खमियाजा सभी स्तरों पर उठाना पड़ सकता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल 2013 में, यूके कंपनी ने टॉमटाटो का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस में उगाए जाते हैं। दुनिया में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की टमाटर पीले, गुलाबी, बैंगनी, काले और यहां तक कि सफेद भी हो सकते हैं।
- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर वास्तव में आपके लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि अधिक फायदेमंद रसायनों को छोड़ दिया जाता है। टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।
- न्यू जर्सी में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे।

## राशिफल

**मेष :** लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृष :** शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है। नई आर्थिक नीति बन सकती है। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा।

**मिथुन :** धार्मिक कार्य में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

**कर्क :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन–देन में जल्दबाजी न करें। धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे।

**सिंह :** संपत्ति की खरीद–फरोख्त में सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कन्या :** व्यापार–व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी।

**तुला :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार–व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक :** प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है।

**धनु :** कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा।

**मकर :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

**कुंभ :** सुख के साधनों पर व्यय होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार–व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ रहेगा।

**मीन :** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी–मजाक न करें।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भारत में बीमा जागरूकता की भारी कमी

## 79% पॉलिसीधारकों को नहीं पता क्या है उनका कवरेज

**नई दिल्ली।** बीमा सलाहकार ऐप कवरश्योर के सर्वे में पता चला कि भारतीय लोगों में बीमा साक्षरता की भारी कमी है। सर्वे के अनुसार 79 प्रतिशत भारतीय यह नहीं जानते कि उनकी बीमा पॉलिसी उन्हें पर्याप्त कवरेज देती है या नहीं।



भारतीय बीमा धारकों के बीच जगरूकता की भारी कमी देखने को मिली है। बीमा सलाहकार ऐप कवरश्योर के सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है। सर्वे के अनुसार 79 प्रतिशत भारतीय यह नहीं जानते कि उनकी बीमा पॉलिसी उन्हें पर्याप्त कवरेज देती है या नहीं। यह अनिश्चितता की स्थिति अंडरइंश्योरेंस के खतरे का संकेत देती है। इससे बीमा कवरेज होने के बावजूद कई लोगों को वित्तीय जोखिम झेलना पड़ सकता है। 35 प्रतिशत पॉलिसीधारकों को ही लाभ और शर्तों की समझ इसके अलावा सर्वे से पता चलता है कि लगभग 71 प्रतिशत उत्तदाताओं के पास दो से पांच सक्रिय बीमा पॉलिसियां हैं। इसमें जीवन बीमा सबसे अधिक 63 प्रतिशत के पास है, इसके बाद स्वास्थ्य बीमा 24 प्रतिशत और मोटर बीमा 13 प्रतिशत के पास है। हालांकि ये पॉलिसियां होने के बावजूद 65 प्रतिशत बीमा धारकों ने माना की उन्हें अपनी पनी पॉलिसियों के लाभ, शर्तें, अपवर्जन और क्लेम प्रक्रिया की पूरी जानकारी नहीं है। केवल 35 प्रतिशत ही दावा करते हैं कि उन्हें लाभ और शर्तों की पूरी समझ है। बीमा दस्तावेजों के प्रबंधन में भी कमी बीमा दस्तावेजों को संभालने के तरीके भी अलग हैं। 29 प्रतिशत लोग फिजिकल फाइल्स, 26 प्रतिशत स्प्रेडशीट, 24 प्रतिशत एसएमएस अलर्ट, और 21 प्रतिशत डिजिटल फोल्डर का सहारा लेते हैं।

### सिर्फ बीमा लेना काफी नहीं- सौरभ विजयवर्गीय

कवरश्योर के संस्थापक और सीईओ सौरभ विजयवर्गीय ने कहा कि अगर बीमाधारक यह नहीं जानते कि उन्हें क्या कवर मिलता है और कैसे इसका उपयोग करना है, तो बीमा का उद्देश्य ही विफल हो जाता है। सिर्फ बीमा लेना काफी नहीं है, वास्तविक वित्तीय सुरक्षा तभी मिलती है जब पॉलिसीधारक और उनके परिवार को इसकी पूरी जानकारी हो।

### जागरूकता की कमी से होता है नुकसान

सर्वे में पता चला कि समझ की कमी परिवारों तक भी फैली हुई है, 60 प्रतिशत आश्रितों को यह नहीं पता कि वे किस बीमा पॉलिसी के अंतर्गत कवर हैं या नहीं। इसके अलावा, दस में से केवल एक आश्रित ही अपने कवरेज या लाभों का सही–सही वर्णन कर सकता है। जागरूकता की इस कमी के कारण अक्सर दावे प्रस्तुत करने में चूक हो जाती है, दावे खारिज हो जाते हैं या पॉलिसी का अप्रभावी उपयोग होता है।

## भारत 2027 तक पांच ट्रिलियन डॉलर क्लब में होगा शामिल', पीयूष गोयल बोले- पीछे मुड़ने का सवाल नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भरोसा जताया है कि भारत 2027 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत की विकास यात्रा रुकने वाली नहीं है। विदेशी मुद्रा भंडार 698 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। भारत अपनी आर्थिक प्रगति की रफ्तार पर सवार होकर दुनिया के बड़े देशों की कतार में मजबूती से कदम बढ़ा रहा है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भरोसा जताया है कि देश 2027 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक अस्थिरता और चुनौतियों के बावजूद भारत अपनी दिशा से डिगने वाला नहीं है। कोलकाता में मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमसीसीआई) द्वारा आयोजित वर्चुअल सत्र में बोलते हुए गोयल ने कहा कि बीते एक दशक में भारत की आर्थिक नीतियों में केवल छोटे–मोटे बदलाव नहीं हुए, बल्कि इनमें ह्यक्रांतिकारी बदलावह्न आए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत न सिर्फ वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा है, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर इतिहास भी रच रहा है।



### तीन वर्षों में पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था

गोयल ने कहा कि आने वाले तीन वर्षों में भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर पूरी मजबूती से अग्रसर है। यह लक्ष्य 'विकसित भारत 2047' के सफर की पहली बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि बड़ी अर्थव्यवस्थाएं मुश्किल हालात में ही खड़ी होती हैं, शांत पानी में कोई नाव पार नहीं लगती।

## शेयर बाजार में लौटी हरियाली, सेंसेक्स 700 अंक उछला, निफ्टी 25200 के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 700.40 अंक उछलकर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 200.40 अंक बढ़कर 25,244.75 अंक पर आ गया। भारतीय बाजार बुधवार को गुलजार रहे। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की बढ़त देखी गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 700.40 अंक या 0.85 प्रतिशत उछलकर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 200.40 अंक या 0.80 प्रतिशत बढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ।




## ब्याज दरों में कटौती से शुद्ध ब्याज मार्जिन पर दबाव, वित्त वर्ष 2027 में सुधार की उम्मीद

**नई दिल्ली।** ब्याज दरों में कटौती बैंकिंग क्षेत्र के शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) के लिए निकट भविष्य में अनुकूल नहीं है। फिलिप कैपिटल की एक नई रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार बैंकों के शुद्ध ब्याज मार्जिन में वित्त वर्ष 2025 और 2026 के दौरान गिरावट देखने को मिलेगी, जबकि वित्त वर्ष 2027 में इसमें सुधार की उम्मीद है। शुद्ध ब्याज मार्जिन एक वित्तीय संकेतक है जो यह दर्शाता है कि एक बैंक या वित्तीय संस्था ने अपनी ब्याज आय और ब्याज व्यय के बीच से कितनी कमाई की है। किन बैंकों पर पड़ेगा कितना असर इसमें कहा गया कि फरवरी 2025 से अब तक रेपो रेट में 100 आधार अंकों की कटौती की गई है। साथ ही, प्रणाली में पर्याप्त तरलता लागत प्रतिस्पर्धी दरों पर जमा वृद्धि के लिए अनुकूल है।




फिलिप कैपिटल के अनुसार आईसीआईसीआई बैंक, डीसीबी बैंक, एयू एसएफबी और एक्सिस बैंक जैसे बैंकों पर एनआईएम में गिरावट का असर न्यूनतम रहेगा। वहीं, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई जैसे अन्य बैंकों पर इसका मामूली असर देखने को मिल सकता है। इसके विपरीत, इंडसइंड बैंक और बंधन बैंक पर ऋण पोर्टफोलियो में बदलाव के कारण सबसे अधिक असर झेलना पड़ सकता है। परिसंपत्ति गुणवत्ता में हुई वृद्धि हालांकि, रिपोर्ट यह भी दशार्ती है कि बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में लगातार वृद्धि हो रही है। निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों के बैंकों में तनावग्रस्त परिसंपत्तियों में लगातार गिरावट दर्ज की गई है।

## यूपी व मध्य प्रदेश के किसानों के लिए खुशखबरी एमएसपी पर मूंग-उड़द खरीदेगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत दी है। उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए मध्यप्रदेश से मूंग और उड़द, उत्तर प्रदेश से उड़द की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकार करेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्रियों के साथ बैठक की और मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत खरीद को मंजूरी दी। उन्होंने और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस योजना के अंतर्गत खरीद तब की जाती है जब बाजार मूल्य एमएसपी से नीचे चला जाता है।

### किसानों के हित के लिए सरकार प्रतिबद्ध

बैठक के दौरान चौहान ने कहा कि मूंग और उड़द की खरीद के निर्णय से केंद्र सरकार पर काफी वित्तीय बोझ पड़ेगा। हालांकि, सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों से सीधी खरीद से बिचौलियों का प्रभाव कम होगा और किसानों तक वास्तविक लाभ पहुंचेगा।

### पंजीकरण प्रक्रिया हो पारदर्शी – कृषि मंत्री

कृषि मंत्री ने किसानों के पंजीकरण के लिए नवीनतम तकनीकों के उपयोग और आवश्यकता पड़ने पर खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए। साथ ही, पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूरा करने की सलाह दी।

## चुटकुले

पुलिस– तुम्हे तलाक क्यों चाहिए?
पति – साहब, मेरी पत्नी मुझ से लहसुन छिलवाती है, प्याज कटवाती है और बर्तन मंजवाती है
पुलिस– इसमें दिक्कत क्या है?
लहसुन को थोड़ा गर्म कर लिया करो आसानी से छील जाएंगे,
प्याज को काटने से पहले फ्रिज में रखा दिया करो, काटने के समय आंखें नहीं जलेगी
बर्तन मांजने से 10 मिनिट पहले भरे टब में डाल दिया करो आसानी से साफ हो जाएंगे
पति – समझ गया हजूर। अर्जी वापस ही दे दो मेरी...

---

लड़की– मेरे होंठ कितने काले हैं...
डॉक्टर– प्लास्टिक सर्जरी करा लो।
लड़की– कितने पैसे लगेंगे?
डॉक्टर– छह लाख रुपये
लड़की– अगर प्लास्टिक मैं खुद ला दूं तो?
डॉक्टर– फेवीकोल भी लेती आना, फ्री में चिपका दूंगा !!!

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 26 06 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


अर्जुन कपूर
अभिनेता


युक्ति


नमन भारद्वाज


कबीर खान


तारा जोशी


अनुज कश्यप


कालीचरण पहलवान


ईशु गर्ग


धर्मेंद्र कुमार


दीपक पंडित


मोहित चौधरी


रजनीश पंडित


गगन प्रजापति


मुकेश श्रीराम


मुकुल यादव


निशांत शेखर गोयल


आशीष वत्स


मुकेश कुमार


नितिन यादव


आर के जैन


राजीव अग्रवाल


अरूण मोहन


जाहिद अलि



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# 'काश बेहतर प्रदर्शन किया होता...', गोल्डन स्पाइक टूर्नामेंट जीतने के बाद भी खुश नहीं हैं नीरज चौपड़ा




## 85.29 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक टूनार्मेंट जीतने के बाद भी खुश नहीं हैं। नीरज ने 85.29 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता। यह वही टूनार्मेंट हैं जिसे नीरज के कोच और विश्व रिकॉर्ड होल्डर जेन जेलेज्नी ने अपने करियर में नौ बार जीता है। उन्होंने 1986 से 2006 के बीच खिताब हासिल किए।

नीरज ने जीत के बाद कहा, 'मैं अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं, लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता। मैं बचपन में यह टूनार्मेंट देखा करता था। मैंने जेलेज्नी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा। वह सपना सच हो गया है। मुझे पता है कि चेक गणराज्य में भालाफेंक काफी लोकप्रिय है। दर्शकों से हमें अपार समर्थन मिला। काश कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर पाता।'

### गोल्डन स्पाइक में नीरज का प्रदर्शन

नीरज ने इस टूनार्मेंट में फाउल के साथ शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने दूसरे प्रयास में 83.45 मीटर का थ्रो किया। दूसरे दौर के बाद नीरज तीसरे स्थान पर थे। तीसरे दौर में 85.29 मीटर के थ्रो के साथ वह शीर्ष पर आए। उनके अगले दो थ्रो 82.17 मीटर और 81.01 मीटर के रहे, जबकि आखिरी थ्रो फाउल रहा। पिछले दो सत्र में वह यहां फिटनेस कारणों से खेल नहीं सके थे।

**- नीरज ने पिछले महीने दोहा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहते हुए 90 मीटर का आंकड़ा भी पार किया था।**

27 वर्ष के चोपड़ा ने इस सत्र में मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर की बाधा पार करके दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद पेरिस डायमंड लीग खिताब जीता। नीरज यहां 2018 में आईएएएफ कांटिनेंटल कप में एशिया प्रशांत टीम का हिस्सा थे और 80.24 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे थे। अब वह बंगलूरू में पांच जुलाई को नीरज चोपड़ा क्लासिक टूनार्मेंट में भाग लेंगे जिसमें पीटर्स और रोहलेर भी खेल रहे हैं।

### अच्छी लय में चल रहे हैं नीरज

27 साल के नीरज इस सीजन अच्छी लय में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने हाल ही में पेरिस डायमंड लीग जीता था। उन्होंने पिछले महीने दोहा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहते हुए 90 मीटर का आंकड़ा भी पार किया था। उन्होंने 90.23 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था। अब उन्होंने गोल्डन स्पाइक टूनार्मेंट जीतकर अपनी लय बरकरार रखी है। नीरज शुरूआत से ही इस टूनार्मेंट का खिताब जीतने के प्रबल दावेदार थे।

# नौ साल का यह भारतीय तोड़ने वाला था विश्व नंबर-एक कार्लसन का घमंड, समय की पाबंदी की वजह से मैच हुआ ड्रॉ





**नई दिल्ली।** दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल एक प्रमुख ऑनलाइन मंच पर आयोजित 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' शतरंज टूनार्मेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के करीब पहुंच गए थे, लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। इस तरह कार्लसन का घमंड चकनाचूर होने से बच गया। दरअसल, हाल ही में गुकेश ने जब उन्हें हराया था तो वह गुस्से से तिलमिला गए थे और आपा खोते हुए मेज पर रखे शतरंज पर हाथ पटक दिया था। बाद में विश्वनाथन आनंद ने कहा था कि कार्लसन खुद का दबदबा साबित करना चाहते थे कि विश्व चैंपियन मेरे लिए कोई मायने नहीं रखता, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो वह आगबबूला हो गए। आनंद ने कहा कि गुकेश से हारने के बाद कार्लसन की उग्र प्रतिक्रिया शायद इसलिए थी क्योंकि उन्होंने देखा कि खेल में उनके वर्चस्व को किसी युवा खिलाड़ी द्वारा चुनौती दी जा रही है।

हाल ही में अंडर-नौ राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उपविजेता रहे आरित ने पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन को हार के कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन समय समाप्त होने और घड़ी में केवल कुछ सेकंड बचे होने के कारण यह युवा भारतीय खिलाड़ी अपनी बढ़त को भुनाने में असमर्थ रहा और उसे ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा।

आरित ने जॉर्जिया के अपने होटल से इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां वह वर्तमान में अंडर-10 विश्व चैंपियनशिप में खेल रहे हैं। आरित ने पहले दो राउंड में जीत हासिल की है और वह बुधवार को अपना तीसरा गेम खेलेंगे। इस बीच भारत के वी प्रणव ने 11 में से 10 अंक लेकर अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे का खिताब जीत लिया। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हैंस मोके नीमन और कार्लसन दोनों ने 9.5 अंक हासिल किए, लेकिन नीमन ने टाईब्रेक में दूसरा स्थान हासिल किया।

### कौन हैं आरित कपिल?

आरित भारत के उभरते हुए सितारे हैं। उन्होंने पिछले साल सुर्खियां बटोरी थीं। प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए दिल्ली के इस नौ वर्षीय शतरंज खिलाड़ी ने पिछले साल ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बनने का गौरव हासिल किया था। उन्होंने ड्क्क्क्ळ इंटरनेशनल ओपन टूनार्मेंट के नौवें दौर के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका के 66 वर्षीय रासेत जियातदीनोव को हराकर यह अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल की थी। ओवरऑल वह ग्रैंडमास्टर को हराने वाले दुनिया के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। ग्रैंडमास्टर को हराने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भारतीय मूल के सिंगापुर के अश्वथ कौशिक हैं, जिन्होंने पिछले साल की शुरूआत में पोलैंड के जेसेक स्तूपा के खिलाफ जीत हासिल की थी, जब वह सिर्फ आठ साल और छह महीने के थे।

### क्यों चर्चा में थे मैग्नस कार्लसन?

दरअसल, नॉर्वे शतरंज में विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश से हारने के बाद विश्व नंबर-एक मैग्नस कार्लसन ने मेज पर रखे चेस बोर्ड पर हाथ पटका था। किसी ने कार्लसन जैसे दिग्गज से इस तरह की प्रतिक्रिया की अपेक्षा नहीं की थी। नॉर्वे शतरंज के छठे राउंड में गुकेश से हार से हताश कार्लसन ने मेज पर हाथ पटका था, जिससे मोहरें तितर बितर हो गईं। कार्लसन फिर 'ओह माय गॉड' चिल्लाते हुए उस हॉल से निकल गए। उनकी यह प्रतिक्रिया देखकर पूरी दुनिया हैरान थी।

# भारतीय निशानेबाजी लीग के लिए दिख रहा उत्साह, अब तक 400 से अधिक खिलाड़ियों ने कराया पंजीकरण



**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) को लेकर दुनिया भर के निशानेबाजों में उत्साह दिख रहा है और अब तक इस लीग के लिए 400 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण करा लिया है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने यह जानकारी दी है। पहली भारतीय निशानेबाजी लीग का आयोजन इस साल के आखिर में 20 नवंबर से दो दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) में मिश्रित टीम स्पधाएं शामिल होंगी।

भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के निशानेबाजों ने लीग के लिए पंजीकरण कराया है। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, हमें पहली भारतीय निशानेबाजी लीग को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है उससे वास्तव में हम उत्साहित हैं।

# कप्तान स्टोक्स ने बताया इंग्लैंड की जीत का कारण पनेसर बोले- दूसरे टेस्ट में कुलदीप को मिले मौका




**नई दिल्ली।** टीम इंडिया को पहले टेस्ट में पांच विकेट से हराने के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टीम की जीत की वजह का खुलासा किया है। उन्होंने जीत का श्रेय अपने गेंदबाजों को दिया और कहा कि भारत के निचले क्रम को दो बार सस्ते में आउट करना निर्णायक साबित हुआ। जीत के लिए 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जैक क्राउली ने पहले विकेट के लिए 188 रन की साझेदारी की। भारत को छठे गेंदबाज की कमी खली। ऐसे में इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने टीम इंडिया से दो जुलाई से बर्मिंघम में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में कुलदीप यादव को मौका देने को कहा है।

स्टोक्स ने हालांकि कहा कि मैच का पलड़ा उसी समय उनके पक्ष में हो गया था जब इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भारत को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। स्टोक्स ने मैच के बाद कहा, 'यह बल्लेबाजी के लिए अच्छी विकेट थी। बड़े स्कोर से इसका पता चलता है, लेकिन मैच का निर्णायक पल यही था कि हमने दो बार भारत के निचले क्रम को सस्ते में निपटा दिया। इसी वजह से हम उन्हें बड़ा स्कोर बनाने से रोक पाए और विशाल लक्ष्य नहीं मिला जिसे पाना मुश्किल हो जाता।'

### '500 रन से आगे नहीं जाने दिया'

उन्होंने कहा, 'हमने पहली पारी में उन्हें 500 रन से आगे नहीं जाने दिया जो वह एक समय बनाते दिख रहे थे।' भारत ने पहली पारी में आखिरी छह विकेट 41 रन के भीतर गंवा दिए और दूसरी पारी में भी आखिरी छह विकेट 34 रन के भीतर गिर गए। स्टोक्स ने कहा, 'जीत के लिए 371 रन के लक्ष्य के जवाब में अच्छी शुरूआत चाहिए थी। ऐसे में विकेट बचाकर खेलना जरूरी था। डकेट और जैक ने जिस तरह से खेला, वह तारीफ के काबिल हैं। दोनों एक दूसरे के पूरक बनकर खेले। दाहिने-बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन के सामने गेंदबाजों को मुश्किल हुई होगी।' इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर का मानना है कि भारत को बर्मिंघम में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की जगह कुलदीप यादव को मौका देना चाहिए जहां स्पिनर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भारतीय गेंदबाज लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 371 रन के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाए, जिसके बाद मेहमान टीम के गेंदबाजी आक्रमण को लेकर सवाल उठने लग गए हैं।

# दो शतक लगाने वाले पंत ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग




**मुंबई।** आईसीसी ने बुधवार को ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। भारत के आक्रामक विकेटकीपर ऋषभ पंत बल्लेबाजों की नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में दोनों पारियों में दो शतक लगाए थे। इसके अलावा शुभमन गिल की भी शीर्ष-20 बल्लेबाजों में एंट्री हो गई है। टीम इंडिया को लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। 371 रन के लक्ष्य को इंग्लैंड ने बैजबॉल अंदाज में 82 ओवर में हासिल कर लिया। आईसीसी ने ताजा रैंकिंग इसके बाद ही जारी की है।

### पंत और गिल की रैंकिंग में सुधार

लीड्स टेस्ट में दो पारियों में दो शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने पंत टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान ऊपर चढ़ गए। 27 वर्षीय पंत से पहले जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर एक ही टेस्ट मैच में दो शतक लगाने वाले एकमात्र विकेटकीपर थे। पंत ने लीड्स टेस्ट में 134 और 118 रन बनाए। वहीं, शुभमन गिल ने भी पांच स्थान की छलांग लगाई और शीर्ष 20 में पहुंच गए। वह 20वें स्थान पर हैं। गिल ने लीड्स टेस्ट की पहली पारी में शतक लगाया था। शीर्ष 20 टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में भारत के केवल तीन बल्लेबाज हैं। पंत और गिल के अलावा यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर काबिज हैं। यशस्वी ने भी लीड्स टेस्ट की पहली पारी में शतक जमाया था। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हेडिंग्ले टेस्ट में 14वीं बार पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष स्थान पर अपना दबदबा कायम रखा है। 62 और 149 रन की पारी खेलने और इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले बेन डकेट को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वह टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में पांच पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए।

# पंत के दो शतक के बारे में पूछने पर भड़के गंभीर व्यक्तिगत उपलब्धियों की तारीफ करने से किया इनकार



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद व्यक्तिगत उपलब्धियों की तारीफ करने के मूड में नहीं दिखे। जब उनसे टेस्ट में सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जो सबसे अहम नतीजा होता है वह टीम हासिल नहीं कर सकी। फिर उनसे जब ऋषभ पंत के दो शतक के बारे में पूछा गया तो वह भड़क गए और कहा- तीन और शतक बने थे। ये सब सकारात्मक बातें हैं। शुक्रिया।

### 'अगर आप यह कहते तो अच्छा लगता...'

गंभीर ने कहा, 'अगर आप कहते कि यशस्वी जायसवाल ने शतक जमाया और शुभमन गिल ने बतौर कप्तान डेब्यू में शतक जड़ा तो मुझे अच्छा लगता। केएल राहुल ने भी शतक लगाया और ऋषभ ने दो शतक लगाए। एक टेस्ट में पांच शतक बड़ी बात है। यह सवाल बेहतर हो सकता था।' कोच ने कहा कि अगर टीम हारती है तो व्यक्तिगत उपलब्धियां मायने नहीं रखतीं।

उन्होंने कहा, 'ये सब सकारात्मक पहलु हैं। जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए, लेकिन आखिर में सब कुछ इसी पर आता है कि हम मैच जीत नहीं सके। व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छी बात है। हमें शीर्ष छह से बड़ी पारियां चाहिए थीं, लेकिन आखिर में तो हम टेस्ट मैच जीत नहीं सके। अब इससे सबक लेकर आगे बढ़ेंगे।'

### भारत के गेंदबाजी आक्रमण पर गंभीर का बयान

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हार के दौरान भारत की गेंदबाजी आक्रमण में अनुभव की कमी दिखी। हालांकि, मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम के अधिकतर तेज गेंदबाज अभी अपने करियर की शुरूआत कर रहे हैं और उन्हें कुछ और समय देने की जरूरत है। इंग्लैंड की पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावशाली नहीं दिखा और मेजबान टीम ने मंगलवार को मैच के पांचवें और अंतिम दिन 371 रन का लक्ष्य बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की लाइन और लेंथ में निरंतरता का अभाव दिखा। कोच गंभीर ने कहा, 'हमें उन्हें समय देना होगा। पहले हमारी टीम में चार तेज गेंदबाज होते थे, जिन्हें 40 से अधिक टेस्ट मैचों का अनुभव था। वनडे या टी20 मैचों में इसका इतना बड़ा प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन जब आप टेस्ट मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका का दौरा करते हैं तो अनुभव काफी मायने रखता है।'

# भारत की हार की 5 बड़ी वजह, बुमराह असफल तो गेंदबाजी कमजोर; पुछल्ले बल्लेबाज, कैच छोड़ना पड़ा भारी

**नई दिल्ली।** भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस हार से मेजबान टीम ने टीम इंडिया पर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होगा। पहले और दूसरे टेस्ट में लंबा ब्रेक है और उससे पहले टीम इंडिया को गलतियां सुधारने का पूरा मौका मिलेगा। पहले टेस्ट में भारतीय टीम से काफी गलतियां हुईं। कई कैच छूटे और पुछल्ले बल्लेबाजों के रन नहीं बनाने से लक्ष्य भी कम रह गया। गेंदबाजी भी औसत हुई। जसप्रीत बुमराह नहीं चले तो बाकी गेंदबाज प्रभावी नहीं दिखे।




### कैच छोड़ना, इसने जले पर नमक छिड़का

भारतीय टीम की फील्डिंग इस मैच में लचर रही। भारतीय खिलाड़ियों ने दोनों पारियों में कई कैच छोड़े। यशस्वी जायसवाल ने अहम मौकों पर कैच छोड़े। उनसे चार कैच छूटे। इसका अंजाम भारत को हार से चुकाना पड़ा। फील्डिंग को लेकर कई पूर्व क्रिकेटर्स भी टीम इंडिया की आलोचना कर रहे हैं। सुनील गावस्कर से लेकर नवजोत सिद्धू तक ने इसे निचले दर्जे का बताया है। भारतीय टीम को अगर वापसी करनी है, तो फील्डिंग में सुधार करना होगा। भारतीय फील्डर्स ने बेन डकेट, हैरी ब्रूक और क्राउली को कई जीवनदान दिए। दूसरी पारी में जब डकेट 97 रन बनाकर खेल रहे थे तो सिराज की गेंद पर यशस्वी ने एक आसान कैच छोड़ा और डकेट ने भरपूर फायदा उठाते हुए इंग्लैंड की जीत की नींव रखी। इसके अलावा जडेजा और पंत से भी कैच छूटे।

### बुमराह नहीं चले तो औसत दिखी गेंदबाजी

बुमराह ने पहली पारी में पांच विकेट लिए। उनकी घातक गेंदबाजी ने इंग्लैंड को 465 रन पर समेट दिया और टीम इंडिया को दूसरी पारी में छह रन की बढ़त मिली। हालांकि, दूसरी पारी में बुमराह ने 19 ओवर गेंदबाजी की और 57 रन खर्च किए, लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। इंग्लैंड के बल्लेबाजों की रणनीति बुमराह को संभलकर खेलने की और बाकी गेंदबाजों पर प्रहार करने की थी और वह इसमें कामयाब भी हुए। बुमराह दूसरी पारी में नहीं चले तो टीम इंडिया की गेंदबाजी औसत दिखी और बाकी गेंदबाज सिर्फ पांच विकेट निकालने में कामयाब हो पाए। यह इसलिए भी खतरनाक है क्योंकि बुमराह इस दौरे पर अधिकतम तीन टेस्ट खेलेंगे।

उनके बिना टीम इंडिया को दो और टेस्ट खेलने होंगे। उनके नहीं होने पर कौन उनके जैसा प्रदर्शन कर पाएगा यह देखना अभी बाकी है। बुमराह के अलावा सिराज ने दोनों पारियां मिलाकर 41 ओवर गेंदबाजी की और सिर्फ दो विकेट लिए और वो भी उन्हें पहली पारी में मिले। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने भले ही विकेट चटकाए, लेकिन वह काफी महंगे साबित हुए। पहली पारी में प्रसिद्ध ने तीन और दूसरी पारी में दो विकेट लिए, लेकिन दोनों पारियों में उनका इकोनॉमी रेट 6 से ऊपर का रहा। शार्दुल दोनों पारियां मिलाकर दो विकेट ले पाए। पहली पारी में उनका इकोनॉमी रेट 6.30 का रहा था, जबकि दूसरी पारी में 5.10 का रहा। जडेजा दोनों पारियों में इकोनॉमिकल रहे, लेकिन उन्हें सिर्फ एक विकेट मिला।

### दोनों पारियों में भारत के पुछल्ले बल्लेबाज रहे फेल

लीड्स में भारत के शीर्ष पांच बल्लेबाजों ने मिलकर 721 रन बनाए। वहीं, निचले क्रम के छह बल्लेबाज मिलकर कुल 65 रन ही बना सके। शीर्ष पांच और निचले छह के रनों में 656 रन का अंतर है। यह भारत द्वारा अब तक खेले गए टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा अंतर है। भारतीय टीम ने पहली पारी में आखिरी सात विकेट 41 रन पर गंवा दिए थे, जबकि दूसरी पारी में भारतीय टीम ने आखिरी छह विकेट 31 रन पर गंवा दिए। पुछल्ले बल्लेबाजों के नहीं चलने से टीम इंडिया, जो एक वक्त पहली पारी में 520+ रन बनाती दिख रही थी, वह 471 रन पर सिमट गई। वहीं, दूसरी पारी में भी लक्ष्य 400+ रन का हो सकता था, लेकिन पुछल्ले बल्लेबाज विफल रहे और भारतीय टीम कुछ रन कम रह गई।

### मिले मौके को नहीं भुना पाए करुण और सुदर्शन

करुण को आठ साल बाद भारतीय टीम के लिए खेलने का मौका मिला, लेकिन वह इस मौके को नहीं भुना पाए। इस टेस्ट से पहले उन्होंने इंडिया-ए के लिए दोहरा शतक जड़ा था। साथ ही घरेलू क्रिकेट में भी खूब रन बनाए थे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का दबाव उनके चेहरे पर साफ दिखा। पहली पारी में वह दबाव में गलत शॉट खेलकर आउट हुए, जबकि उसकी कोई जरूरत नहीं थी, वहीं दूसरी पारी में वह वोक्स को उनकी ही गेंद पर कैच थमा बैठे। करुण पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे, जबकि दूसरी पारी में 20 रन बना सके। वहीं, सुदर्शन के साथ भी कुछ ऐसा ही रहा। यह बल्लेबाज घरेलू क्रिकेट में खूब रन बनाकर आया, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का दबाव क्या होता है, यह सुदर्शन को अब पता चला होगा। तीन नंबर की जिम्मेदारी उन्हें मिली, लेकिन वह 0 और 30 रन ही बना सके। इन दोनों के नहीं चलने से भारत बड़ा स्कोर नहीं बना सका।

### छठे गेंदबाज की कमी खली

भारतीय टीम इस टेस्ट में छह विशेषज्ञ बल्लेबाजों के साथ उतरा। टीम में जडेजा और शार्दुल के रूप में दो गेंदबाजी ऑलराउंडर्स थे। वहीं, तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाज भी थे। हालांकि, बुमराह को छोड़कर जब बाकी गेंदबाजों को मार पड़ी तो उस वक्त भारत के पास कोई एक्स्ट्रा गेंदबाज नहीं था और इसकी कमी टीम इंडिया को खली। वहीं, इंग्लैंड के पास पांच गेंदबाजों के अलावा रूट, ब्रूक और डकेट भी पार्ट टाइम गेंदबाजी कर लेते हैं।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

## कार्यक्रम की गरिमा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए : दीपक मीणा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित जनपद दौरे के दृष्टिगत जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दौरे से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा, साफ-सफाई, स्वच्छता, जनसुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

### कार्यक्रम समयबद्ध और समन्वित रूप से सम्पन्न कराया जाए : जिलाधिकारी

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं और कहीं भी कोई लापरवाही या ढिलाई न हो। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की गरिमा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा सभी कार्य समयबद्ध और समन्वित रूप से सम्पन्न किए जाएं।

### समस्त विभागों को सौंपे दायित्व, कहा—समयबद्ध एवं त्रुटिरहित हों तैयारियां

**करंट क्राइम।** बैठक में पुलिस, नगर निगम, विद्युत, चिकित्सा, पीडब्ल्यूडी, सूचना, परिवहन समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपीं और नियमित फॉलोअप की बात भी कही। उन्होंने यह भी कहा कि निरीक्षण और व्यवस्थाओं की लगातार समीक्षा व आवश्यकता के अनुसार निरीक्षण किया जाए ताकि यदि कोई भी खामी हो तो समय रहते दूर की जा सके। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# 9 करोड़ की धोखाधड़ी में दो लोग गिरफ्तार

## केशलैस स्कीम के तहत एमसीडी से अपने खाते में ट्रांसफर कराई थी रकम



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा की साइबर पुलिस ने नौ करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें पहला अस्पताल में रिकवरी आफिसर के पद पर था। दूसरा अकाउंट सेक्शन का कर्मचारी है। इन दोनों ने मिलकर ही केशलैस स्कीम के तहत आने वाला पैसा अपने खाते में ट्रांसफर कराया था। इनके नाम वैभव कुमार और अंकुर त्यागी है। दोनों की गिरफ्तारी गाजियाबाद से की गई। इनके कब्जे से कुल 77330 कैश के साथ एक आइफोन-15 प्रो बरामद किया गया।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि आरोपी वैभव अस्पताल में रिकवरी ऑफिसर के पद पर कार्य करता था। उसने अपने साथी अंकुर त्यागी के साथ मिलकर अस्पताल का खाता अपने पर्सनल खाते से बदलवा दिया। बतौर इसके लिए अस्पताल की अधिकृत ईमेल आईडी के माध्यम से एमसीडी के अकाउंट सेक्शन को एक मेल भेजा गया। जिसमें पूर्व से एमसीडी द्वारा अस्पताल को दी जाने वाली केशलैस धनराशि के अकाउंट को परिवर्तित करने का अनुरोध किया गया था।

पैसा डालने के लिए भेजे तीन अकाउंट अस्पताल के बैंक अकाउंट के स्थान पर वैभव कुमार ने एमसीडी को तीन नए अकाउंट भेजे। जिसमें केशलैस से संबंधित धनराशि को देने का अनुरोध किया गया। जिस पर एमसीडी द्वारा विभिन्न मरीजों के केशलैस व्यवस्था से संबंधित मेडिकल बिल का भुगतान उन खातों में कर दिया गया। मेडिकल भुगतान की धनराशि को वैभव कुमार द्वारा अपने अन्य साथियों के माध्यम से निकालकर आपस में बांट लिया गया था। ये अकाउंट शुभन ने दिलवाए थे। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

दिल्ली के अस्पताल में हुई थी दोस्ती पूछताछ के दौरान बताया कि वह पहले कड़कडडूमा दिल्ली के एक अस्पताल में रिकवरी ऑफिसर के पद पर कार्य करता था। वहां उसकी मुलाकात विजय कुमार अग्रवाल व अंकुर त्यागी से हुई। अंकुर त्यागी अपने रिश्तेदार के साथ अस्पताल चलाता था। वहीं से इन लोगों में दोस्ती हो गई। फिर वैभव नोएडा स्थित अस्पताल में रिकवरी अधिकारी के पद पर कार्य करने लगा।

यहां विजय द्वारा सलाह दी गई कि यदि वह अस्पताल के अकाउंट को बदलकर कोई नया अकाउंट एमसीडी को मेल कर दे। उसकी एमसीडी के अकाउंट सेक्शन में बात हो गई है वह उन बैंक अकाउंट में रुपये ट्रांसफर कर देगा। उस पैसे को हम लोग आपस में मिलकर बांट लेंगे। वैभव द्वारा नये बैंक अकाउंट एमसीडी को भेजे गए। जिस पर एमसीडी द्वारा उन अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर दिया गया। जो 03 बैंक अकाउंट में कई ट्रांजैक्शन के माध्यम से करीब 09 करोड़ रुपए की धनराशि ट्रांसफर की गई थी।

# ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई, नो पार्किंग में खड़ी 25 गाड़ियां, 65 वाहनों के कटे चालान



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अवैध पार्किंग के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा के निर्देशन में बिसरख पुलिस ने ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाया। गोल्डन-1, गौर सिटी मॉल और चेरी काउंटी क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई। नो पार्किंग जोन में खड़े 25 वाहनों को टो किया गया। साथ ही ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले 65 वाहनों के चालान काटे गए। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति अवस्थी ने बताया कि स्थानीय निवासियों की शिकायत थी कि अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों की वजह से क्षेत्र में जाम की स्थिति बनती है। इस समस्या के समाधान के लिए पुलिस प्रशासन ने यह कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# आईएमएस कोचिंग राजनगर की सताक्षी का हुआ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में चयन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद आरडीसी राजनगर स्थित आईएमएस कोचिंग में खुशी की लहर दौड़ गयी जब कोचिंग की एक छात्रा का कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) परीक्षा के परिणाम के पश्चात भारत की प्रतिष्ठित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एन.एल.यू.) में चयन हो गया। क्लैट के माध्यम से सताक्षी ने एन.एल.यू. 'शिमला एवं गोवा' में एडमिशन हासिल कर लिया है। इस सफलता को पाकर सताक्षी ने अपने शहर, अपने परिवार एवं अपनी कोचिंग का नाम रोशन किया है।

सफल हुई छात्रा को बधाई देते हुए आईएमएस कोचिंग गाजियाबाद के डायरेक्टर एवं करियर काउंसलर राहुल गोयल ने बताया कि पिछले कुछ सालों में सताक्षी जैसे 100 से भी ज्यादा बच्चे उनकी गाजियाबाद स्थित आईएमएस कोचिंग से नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एन.एल.यू.) में दाखिला पा चुके है और उनमें कई बच्चे आज लॉ करियर में अपना नाम बना चुके हैं। क्लैट एक्सपर्ट राहुल गोयल ने यह भी बताया कि अभी कुछ खाली सीटों पर एनएलयू में दाखिले बाकी है जिसमे आईएमएस कोचिंग के और भी छात्रों को एनएलयू मिलने की सम्भावना है।

# पत्नी के बॉयफ्रेंड संग भागने से परेशान, पति ने की आत्महत्या



**मोदीनगर।** मोदीनगर की विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी एक युवक ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पत्नी के प्रेमी के साथ चले जाने के बाद से मृतक डिप्रेशन में रह रहा था। पुलिस मामले की जांच कर ही है। बिहार के मोतीहार निवासी प्रमोद कुमार (35) मोदीनगर में विश्वकर्मा बस्ती कॉलोनी में किराए के मकान में रहता था। वह अपनी पत्नी और दो पुत्रियों के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि चार महीने पहले प्रमोद की पत्नी अपने बॉयफ्रेंड के साथ चली गई थी। काफी कोशिशों के बाद भी वह वापस नहीं आई। पड़ोसियों ने बताया- जब से प्रमोद की पत्नी अपने प्रेमी के साथ भागी है, तब से ही प्रमोद मानसिक रुप से परेशान रहता है।

# जीडीए में 10 साल पुरानी फाइल गायब, कर्मचारियों पर केस दर्ज




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में दस साल पुरानी फाइलों के गायब होने का मामला सामने आया है। प्राधिकरण ने तीन कर्मचारियों के खिलाफ सिहानी गेट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। रियल एंकर डेवलपर्स के कनावनी और प्रह्लादगढ़ी प्रोजेक्ट के नक्शे जीडीए ने 2012 में पास किए थे। 2014 में इन प्रोजेक्ट्स की फाइलें प्राधिकरण के रिकॉर्ड से गायब हो गईं। प्राधिकरण ने पहले विभागीय स्तर पर मामले को सुलझाने का प्रयास किया। जब कोई समाधान नहीं निकला तो नवंबर 2024 में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई। सात महीने बाद पुलिस ने तीन लिपिक कृष्णकांत, वेद त्यागी और नवीन चंद्र के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। इन पर फाइलें जानबूझकर गायब करने और प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को प्रभावित करने का आरोप है। एफआईआर दर्ज करने में सात महीने की देरी ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने अब मामले की जांच शुरू कर दी है।

# टेलर की दुकान पर हमला, 8 लोगों ने युवक को पीटा

## साढ़े 3 लाख रुपए छीनने का आरोप



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित गुरुद्वारा रोड पर एक दर्जी की दुकान में लूट और मारपीट की घटना सामने आई है। घटना रात करीब 9 बजे की है। दुकान का शटर बंद कर रहे युवक सागर पर 8 से 10 लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। विश्वकर्मा बस्ती कॉलोनी के रहने वाले सागर और मनीष दिल्ली-मेरठ मार्ग पर एमजी टेलर्स चलाते हैं। उनकी दुकान गुरुद्वारा रोड की मार्केट में प्रथम तल पर है। मनीष ने सागर को फोन कर दुकान में रखे साढ़े 3 लाख रुपए लाने को कहा था। यह पैसा अगले दिन सूरत में कपड़ा खरीदने के लिए था। सागर जब दुकान बंद कर रहा था, तभी हथियारों से लैस आरोपी वहां पहुंचे।

उन्होंने सागर पर हमला कर उसे नीचे फेंकने की कोशिश की। आरोप है कि हमलावर साढ़े 3 लाख रुपए से भरा बैग भी छीनकर ले गए। यह पूरी घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एसीपी ने कहा कि मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने मुठभेड़ के बाद बदमाश किया गिरफ्तार, 17 मुकदमे है दर्ज



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा पुलिस ने चेन और मोबाइल स्नेचर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। इसके पास से पीली धातु की चेन और नकदी बरामद की गई। बदमाश पर दिल्ली और नोएडा में करीब 17 मुकदमे दर्ज है। इसका रिकार्ड अन्य जनपद को भेजा जा रहा है। कैसे हुई मुठभेड़ नोएडा की थाना फेज-1 पुलिस सेक्टर-14 के पीछे गंदे नाले के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान दिल्ली के अशोक नगर की तरफ से एक बाइक आते दिखी। संदिग्ध लगने पर पुलिस ने बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखते ही बाइक मोड़कर सेक्टर-16 की तरफ जाने वाले गंदे नाले की पटरी पर भगाने लगा। पुलिस टीम ने करीब 900 मीटर तक बाइक सवार का पीछा किया। बाइक रोकने की वॉर्निंग दी।

बदमाश ने पुलिस पर किया फायर हड़बड़ाहट में बाइक फिसल कर गिर गई। बदमाश ने अपने आप को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस ने जवाबी एक्शन लिया और वॉर्निंग देते हुए फायर किया। बदमाश के पैर में गोली लगी। घायल बदमाश की पहचान अरूण कुमार उर्फ अरूण सागर उर्फ गोलू निवासी कल्याणपुरी दिल्ली हुई। पुलिस ने गिरफ्तार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। इसके पास से एक तमंचा एक खोखा कारतूस व एक जिंदा कारतूस व पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए।

10 हजार नकद बरामद इसके अलावा स्नैचिंग की गई पीली धातु की चैन का गला हुआ टुकड़ा, चैन व मोबाइल फोन को बेचकर मिले 10000 रुपए नकद व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में बदमाश ने बताया कि अपने साथी के साथ हाल ही में चैन छीनने की घटना की है। जिसके मुकदमा थाना फेज-1 और सेक्टर-24 थाने में दर्ज है।

# अजनारा होम्स में पानी का दुरुपयोग प्राधिकरण ने लगाया 5 लाख का जुर्माना

## पीने के पानी से हो रही थी बागवानी



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 16बी स्थित अजनारा होम्स सोसाइटी को पानी के दुरुपयोग के लिए प्राधिकरण ने दंडित किया है। प्राधिकरण के जल विभाग ने सोसाइटी पर 5 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। जल विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार के अनुसार, सोशल मीडिया पर सोसाइटी में पानी की किल्लत की शिकायतें सामने आईं। जांच में पता चला कि सोसाइटी का मोटर पंप खराब था। इसके अलावा, प्राधिकरण की पेयजल आपूर्ति का उपयोग बागवानी, फ्लशिंग और हाउसकीपिंग के लिए किया जा रहा था। एनजीटी के आदेशों के अनुसार, इन कार्यों के लिए केवल एसटीपी के शोधित जल का उपयोग किया जा सकता है। सोशल मीडिया पर पानी की किल्लत की शिकायतों से प्राधिकरण की छवि को नुकसान पहुंच रहा था। प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने सोसाइटी प्रबंधन को पानी के नेटवर्क को सही रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने बागवानी और अन्य गैर-पेय कार्यों के लिए केवल शोधित जल के उपयोग पर जोर दिया है।




## कमिश्नरेट में डेट फिक्स पर बना हुआ है सस्पेंस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए कमिश्नर के आने के बाद से तमाम व्यवस्थाएं बदल रही हैं। तो कार्यालयों के लुक बदलने से लेकर पुलिस कर्मियों की वर्किंग बदलने के साथ ही मधुर व सरल व्यवहार बदलने के आदेश और अभियान चल रहे हैं। इसके साथ लंबे समय से एक ही सीट और बीट पर जमे पुलिसकर्मियों को बदलने का काम किया जा रहा है। पर चर्चा इन दिनों उनकी हो रही है जिनकी 152 टू-स्टारों वाली लिस्ट आई थी। इस लिस्ट के बाद टविस्ट् आने की बात सुनी जा रही थी। बता दें कि बीते दिनों बड़ी संख्या में टू-स्टारों के तबादले हुए थे। उनको पास वाले कमिश्नरेट और अन्य जिलों में भेजे जाने का जिक्र था। तो वहीं उसके बाद बड़ी संख्या में कांस्टेबल और हेड कांस्टेबलों की भी समय पूरा होने पर तबादले किए जाने के आदेश नजर आए थे। वर्तमान में उन दोनों ही लिस्ट आने के बाद लंबा समय हो चुका है, पर अभी तक यह सस्पेंस बना हुआ है कि उनकी डेट कब फिक्स होगी। उनकी डेट अभी फिक्स नहीं हुई है। जिसकी वजह से अभी यह तय नहीं हुआ है कि यह कमिश्नरेट से कब तक रवाना होंगे और बाहर से आने वाले कब तक यहां पर आएंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के




सूत्र बता रहे हैं कि या तो कांवड़ यात्रा का वेट किया जा सकता है या फिर कांवड़ यात्रा को अभी लगभग दो सप्ताह से अधिक समय है, तो इससे पहले भी इन तबादले वाले पुलिसकर्मियों को रवाना किया जाए। पर अभी तक कोई लिखित वाला आदेश जारी नहीं हुआ है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि बराबर वाले के पुलिस कमिश्नरेट में भी अभी में भी पूरा मामला शांत चल रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि वैसे वर्तमान में कमिश्नरेट में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी हैं। कुछ बदलाव भी होंगे, तो बहुत ज्यादा असर नहीं पढ़ने वाला है। इसके साथ ही कमिश्नरेट वाले सिस्टम में अपराध एवं कानून व्यवस्था वाले साहब लगातार बैठकों को कर रहे हैं। इस बार की कांवड़ यात्रा को लेकर दौरे जारी रखे हुए हैं। तो लगातार ग्राउंड लेवल पर तैयारी और रिहर्सल की जा रही है। इसी बीच में वीवीआईपी कार्यक्रम भी संपन्न कराए जा रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तबादला हुए पुलिसकर्मियों की डेट फिक्स कब होगी, इस पर अभी तक सस्पेंस वाली स्थिति बनी हुई बताई जा रही है।

# गंगा स्नान से लौट रहे परिवार की कार को ट्रक ने मारी टक्कर

## कोई हताहत नहीं



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ देहात थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर बुधवार एक दुर्घटना हुई। मंसूरपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास एक ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार में सवार लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव तोड़ी निवासी नदीम अपने ट्रक से मेरठ की ओर जा रहा था। इसी दौरान गौतमबुद्धनगर के गांव तुस्याना निवासी मोनू शर्मा अपने परिवार के साथ ब्रजघाट में गंगा स्नान करके लौट रहे थे।

मंसूरपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रक चालक का वाहन पर से नियंत्रण खो गया। ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक को भी नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

इससे कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ। हापुड़ देहात पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को हटवाया। यातायात को सामान्य किया गया। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। चालक के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है।

# जर्जर मकान का प्लास्टर गिरा

## पिता-पुत्री मलबे में दबे सोते समय हुआ हादसा

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ की नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नबी करीम में देर रात एक मकान के लेंटर का प्लास्टर गिर गया। इस हादसे में मकान में सो रहे पिता और उनकी पुत्री घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला नबी करीम निवासी सोनू अपने परिवार के साथ इसी मकान में रहते हैं। रात को जब परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे, तभी लेंटर का प्लास्टर गिर गया। मलबे की चपेट में आने से सोनू और उनकी पुत्री घायल हो गए। हादसे के बाद घर में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे और घायलों को तुरंत अस्पताल ले गए। पुलिस कर रही मामले की जांच स्थानीय लोगों के अनुसार, सोनू के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। इस कारण मकान की मरम्मत और



रखरखाव नहीं हो पा रहा था। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी अवधेश माहौर ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। घायल पिता-पुत्री की हालत अब स्थिर है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।

# गोकश पुलिस मुठभेड़ में घायल

## पुलिस ने चेकिंग के दौरान रोका फायरिंग में पैर में लगी गोली



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** बहादुरगढ़ थाना पुलिस ने मुठभेड़ में शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया है। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ में जुटी है। जानकारी के मुताबिक लुहारी खेड़ा मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। इसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपी विलाल गाजियाबाद के वेब सिटी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वह गाजियाबाद और हापुड़ पुलिस के रडार पर था। उस पर गौकशी, आर्म्स एक्ट समेत करीब छह मुकदमे दर्ज हैं।

सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि आरोपी से अवैध तमंचा, कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है। जांच में पता चला कि बाइक गाजियाबाद से चोरी की गई थी। पुलिस अब उसके अन्य जिलों में संभावित अपराधिक नेटवर्क की जांच कर रही है।

# एक्सिओम-4 ने आईएसएस के लिए भरी उड़ान, पीएम मोदी ने दी बधाई

**वॉशिंगटन ।** ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को बधाई। शुभांशु अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं। उन्हें और हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों को एक्सिओम-4 मिशन में कामयाबी और सुरक्षित घर वापसी के लिए शुभकामनाएं।

ओडिशा के पूर्व सीएम ने भी शुभकामनाएं दीं बीजेडी अध्यक्ष और ओडिशा के पूर्व सीएम रहे नवीन पटनायक ने वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और अ७ङ्के-4 मिशन की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका के फ्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर से सफल प्रक्षेपण पर हार्दिक बधाई। पटनायक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की उनकी




यात्रा देश के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगी। इससे वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण समुदाय में भारत की स्थिति मजबूत होगी। देश भर के अनगिनत युवाओं को प्रेरित करने के अलावा यह भविष्य में मानव अंतरिक्ष उड़ान की दिशा में भारत की संभावनाओं को मजबूत बनाएगा। शुभांशु सहित पूरी टीम को सुरक्षित और सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं।

विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने भी शुभांशु और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को दीं शुभकामनाएं एक्सिओम-4 मिशन पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ पोलैंड, हंगरी और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना हुए हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को इस मिशन के लिए शुभकामनाएं।

**कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने दीं शुभकामनाएं शुभांशु शुक्ल की अंतरिक्ष यात्रा को लेकर कांग्रेस सांसद थरूर ने कहा, 41 साल बाद किसी भारतीय को अंतरिक्ष में वापस देखकर गर्व का एहसास हो रहा है**

### रक्षा मंत्रालय ने भी शुभांशु को शुभकामनाएं दीं

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी- नासा और इसरो के संयुक्त मिशन- एक्सिओम-4 को लेकर रक्षा मंत्रालय ने भी शुभकामनाएं दीं। एक्स हैंडल पर जारी एक संदेश में रक्षा मंत्रालय ने कहा, फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से यान के सफल प्रक्षेपण पर भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन सुभांशु शुक्ला समेत चार अंतरिक्ष यात्रियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय के रूप में, ग्रुप कैप्टन शुक्ला की उपलब्धि उल्लेखनीय है।

## ईरान: संघर्ष विराम के अगले ही दिन मोसाद से जुड़े तीन कैदियों को फांसी, अब तक इस्राइल से जुड़े 700 लोग गिरफ्तार

**तेहरान ।** संघर्ष विराम के अगले ही दिन ईरान ने इस्राइल के जासूसों से निपटना शुरू कर दिया। बुधवार को ईरान ने इस्राइल के लिए जासूसी करने के आरोप में मोसाद से जुड़े तीन और कैदियों को फांसी दे दी। जबकि इस्राइल से जुड़े 700 से अधिक लोगों को अब तक गिरफ्तार किया गया है। अब तक ईरान छह लोगों को फांसी की सजा दे चुका है।

बुधवार को ईरान के पश्चिमी अजरबैजान प्रांत के उर्मिया जेल में आजाद शोजाई, एड्रिस आली और इराकी नागरिक रसूल अहमद रसूल को फांसी दी गई। ईरान की न्यायपालिका के मुताबिक इन लोगों पर देश में हत्या उपकरण लाने का आरोप था। ईरान ने इस्राइल के साथ संघर्ष के दौरान करीब छह लोगों को फांसी दे दी है। कार्यकताओं को डर है कि और अधिक लोगों को फांसी दी जाएगी। वहीं अब तक 700 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पटरी पर लौट रहा जीवन



इस बीच ईरान में लोग अपने सामान्य जीवन में लौटने की कोशिश करने लगे हैं। संघर्ष विराम के बाद ईरान की राजधानी तेहरान के बाहर कैस्पियन सागर क्षेत्र और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भारी ट्रैफिक है, क्योंकि लोग शहर की ओर लौट रहे हैं।

13 जून को इस्राइल ने ईरानी परमाणु ठिकानों पर किए थे हमले इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष 13 जून को शुरू हुआ था, जब इस्राइल ने 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू करके ईरान की परमाणु और सैन्य सुविधाओं पर बड़ा हवाई हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3' शुरू किया और इस्राइल ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया। फिर अमेरिका ने भी दोनों के युद्ध में एंट्री ली और ईरान के तीन परमाणु ठिकानों- फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर सटीक हमले किए।

मंगलवार (भारतीय समयानुसार) को ट्रंप ने ईरान और इस्राइल के बीच युद्धविराम समझौते की घोषणा की। यह तब हुआ जब ईरान ने अमेरिकी हमलों के जवाब में कतर और ईरान में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला किया था।

## गाजा में बख्तरबंद वाहन में विस्फोट, सात इस्राइली सैनिकों की मौत

**यरूशलम ।** गाजा में मंगलवार को हुई गोलीबारी के बीच बख्तरबंद वाहन में हुए विस्फोट में सात इस्राइली सैनिकों की मौत हो गई। वहीं हमास के लड़ाकों ने दक्षिणी गाजा में एक इमारत में छिपे इस्राइली सैनिकों पर हमला बोला। इस्राइल के एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि दक्षिणी गाजा के शहर खान यूनिस में मंगलवार को बख्तरबंद वाहन पर विस्फोटक लगा। इसमें सात इस्राइली सैनिकों की मौत हो गई। वहीं गोलीबारी में एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया।

यह गाजा में इस्राइल की सेना पर बड़ा हमला था। सात अक्तूबर 2023 को हमास के साथ युद्ध शुरू होने से अब तक 860 से अधिक इस्राइली सैनिक मारे गए हैं। इनमें गाजा के अंदर लड़ाई के दौरान 400 से अधिक सैनिक जान गवां चुके हैं।

हमास का दावा- इस्राइली सैनिकों को बनाया निशाना हमास



की सैन्य शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने कहा कि उसने दक्षिणी गाजा पट्टी में एक आवासीय इमारत के अंदर छिपे इस्राइली सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया। यासीन 105 मिसाइल और खान यूनिस के दक्षिण में एक अन्य मिसाइल से कुछ सैनिक मारे गए और कुछ घायल हो गए। इसके बाद लड़ाकों ने मशीनगनों से इमारत को निशाना बनाया। अब तक 56 हजार लोगों की मौत इस्राइल और हमास के बीच जारी संघर्ष के लगभग 21 महीने होने जा रहे है। लंबे समय से चल रहे इस संघर्ष में इस्राइल ने गाजा में भयंकर तबाही मचाई है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस्राइल और हमास के बीच 21 महीने से जारी युद्ध में मरने वालों की संख्या अब 56,000 को पार कर चुकी है। अब तक 56,077 लोग मारे गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि मृतकों में आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं।

वहीं, इस्राइल ने दावा किया है कि उसका निशाना सिर्फ हमास के आतंकियों पर होता है, लेकिन हमास नागरिक इलाकों में छिपकर हमला करता है, जिससे आम लोगों की जान जाती है। वहीं दो महीने के युद्ध विराम के बाद मार्च से अब तक 5759 लोग मारे जा चुके हैं। इस्राइल का दावा है कि उसने 20,000 से ज्यादा हमास लड़ाकों को मार गिराया है।

### अक्तूबर 2023 में हमास ने किया इस्राइल पर हमला

हमास ने 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल के दक्षिणी हिस्से पर हमले किए थे। इस हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर इस्राइली नागरिक थे और करीब 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था।

## तीन-चौथाई आबादी को मिली सुरक्षा, भारत समेत दुनियाभर में तंबाकू पर शिकंजा, पर ई-सिगरेट नई चुनौती

**डबलिन ।** भारत समेत दुनियाभर में तंबाकू पर शिकंजा कसा है लेकिन ई-सिगरेट अब एक नई चुनौती बनकर उभरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की नई रिपोर्ट ने दुनियाभर में तंबाकू नियंत्रण की दिशा में हुई प्रगति को रेखांकित करते हुए चेताया है कि तंबाकू उद्योग का बढ़ता हस्तक्षेप अब भी एक गंभीर समस्या बनी हुई है।

टोबैको एपिडेमिक 2025 शीर्षक से जारी रिपोर्ट के मुताबिक आज दुनिया की तीन-चौथाई आबादी कम से कम एक तंबाकू नियंत्रण नीति से संरक्षित है, जो 2007 में केवल एक अरब लोगों तक सीमित थी। फिर भी हर साल तंबाकू से 70 लाख और सेकेंड हैंड स्मोकिंग से 13 लाख मौतें इस लड़ाई की गंभीरता को उजागर करती हैं।



डब्ल्यूएचओ ने तंबाकू नियंत्रण पर डबलिन में आयोजित विश्व सम्मेलन के दौरान जारी ग्लोबल रिपोर्ट में तंबाकू नियंत्रण की दिशा में उल्लेखनीय वैश्विक प्रगति के साथ-साथ कई देशों की उदासीनता और तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से पैदा हो रही चुनौतियों की गहराई से चर्चा की गई है। रिपोर्ट के अनुसार 2007 के बाद से 155 देशों ने डब्ल्यूएचओ के छह एमपावर उपायों में से कम से कम एक को अपनाया है। इनमें तंबाकू के उपयोग पर निगरानी, सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध, धूम्रपान छोड़ने में मदद, चेतावनी लेबल, विज्ञापन प्रतिबंध और कर वृद्धि शामिल हैं। आज 6.1 अरब लोग कम से कम एक नीति से लाभान्वित हो रही है।

### भारत की नीतियों को वैश्विक मान्यता

रिपोर्ट में भारत द्वारा उठाए गए सख्त कदमों की सराहना की गई है। भारत ने सभी मीडिया प्लेटफार्मों पर तंबाकू विज्ञापन, संवर्धन और प्रायोजन (तापस) पर रोक लगा दी है। 2012 में लागू हुए तंबाकू-मुक्त फिल्म और टीवी नियमों को 2023 में और मजबूत किया गया। अब किसी भी दृश्य माध्यम में तंबाकू दिखाए जाने पर 30 सेकंड का चेतावनी विज्ञापन और स्थिर स्क्रीन चेतावनी अनिवार्य है। डिजिटल प्लेटफॉर्म तक इन नीतियों का विस्तार भारत के प्रतिबद्ध सार्वजनिक स्वास्थ्य दृष्टिकोण को दशार्ता है।

## ईरान-इस्राइल में युद्ध विराम के बाद फिर से खुले हवाई क्षेत्र, पश्चिम एशिया के लिए उड़ानें हुईं शुरू

**नई दिल्ली ।** ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध विराम के बाद कतर समेत खाड़ी क्षेत्र के देशों ने अपने हवाई क्षेत्र खोल दिए हैं। इसके बाद एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस सहित कई अन्य एयरलाइन्स ने दुबई और मस्कट समेत पश्चिम एशिया के लिए अपनी उड़ानें फिर शुरू कर दी हैं। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ, विशेष रूप से ईरान की ओर से कतर में अमेरिकी एयरबेस पर मिसाइल दागे जाने के बाद, क्षेत्र के कुछ देशों ने अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय विमानन कंपनियों सहित अनेक उड़ानों को परिवर्तित करना पड़ा या रद्द करना पड़ा।

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा कि उसने मंगलवार से क्षेत्र के लिए अपनी उड़ानें फिर से



शुरू कर दी हैं। एअर इंडिया दिल्ली-दुबई उड़ान और एअर इंडिया एक्सप्रेस दिल्ली-मस्कट सेवा संचालित कर रही है। अन्य शहरों के लिए वह उड़ानें धीरे-धीरे फिर से शुरू करेगी क्योंकि इस क्षेत्र में हवाई क्षेत्र धीरे-धीरे फिर से खुल रहे हैं और अधिकांश परिचालन 25 जून से फिर से शुरू हो जाएंगे। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, एयरलाइन की उड़ानें संयुक्त अरब अमीरात के प्रमुख शहरों- दुबई, अबू धाबी, शारजाह, अल ऐन और रास अल खैमाह सहित पश्चिम एशिया के अन्य शहरों के लिए बुधवार से निर्धारित हैं। यह एयरलाइन पश्चिम एशिया के 13 शहरों के लिए प्रति सप्ताह लगभग 900 उड़ानें संचालित करती है। एयरलाइन ने आगे कहा कि यूरोप से आने-जाने वाली उड़ानें, जो पहले रद्द कर दी गई थीं।

## अमेजन संस्थापक जेफ बेजोस की शाही शादी का विरोध प्रदर्शनकारी बोले- ये बढ़ रही असमानता का सबूत

**ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के संस्थापक और अरबपति कारोबारी जेफ बेजोस इस हफ्ते शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। हालांकि उनकी जिंदगी का यह खास दिन विरोध में फंस गया है। दरअसल जेफ बेजोस इटली के वेनिस में एक भव्य तरीके से शादी करने जा रहे हैं, लेकिन वेनिस के सामाजिक संगठनों के लोग इसका विरोध कर रहे हैं**

**वेनिस ।** प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ये दुनिया में बढ़ रही असमानता का सबूत है और भव्य शादी के लिए शहर में रहने वाले लोगों की उपेक्षा की जा रही है।

प्रदर्शनकारियों ने वेनिस शहर में जगह-जगह जेफ बेजोस की शादी के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने 'बेजोस के लिए जगह नहीं है' लिखे बैनर लहराए। वेनिस के सेंट स्कवायर पर भी बेजोस के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। अभी तक इन विरोध प्रदर्शनों पर जेफ बेजोस की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। प्रदर्शनकारी शनिवार को भी बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन की योजना बना रहे हैं और उनकी योजना उन नहरों को बाधित करने की है, जिनमें शादी के मेहमानों को लेकर नौकाएं चलेंगी। प्रदर्शन का मकसद प्रदर्शनकारियों को




शादी स्थल तक पहुंचने से रोकना है। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि यह विशाल और अहम, लेकिन शांतिपूर्ण प्रदर्शन होगा।

जेफ बेजोस की शादी में कई चर्चित लोग शामिल होंगे, जिनमें मिक जैगर, इवांका ट्रंप, ओप्रा विनफ्रे, कैटी पैरी और लियोनार्डो डिकाप्रियो आदि शामिल हैं। इटली का वेनिस शहर अपनी सुंदरता के चलते शादी करने की पसंदीदा जगह है और हर साल यहां सैंकड़ों शादियां होती हैं। इससे पहले जॉर्ज क्लूनी ने भी 2014 में अमाल अलामुद्दीन के साथ वेनिस में ही शादी की थी। हालांकि उस समय लोगों ने इस पर खुशी जताई थी, लेकिन बेजोस के विरोध पर लोगों का कहना है कि बेजोस अलग शख्सीयत हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जेफ बेजोस कोई हॉलीवुड सितारे नहीं हैं। वह एक अरबपति हैं, जो डोनाल्ड ट्रंप के करीबी हैं। उन्होंने ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने में मदद की। जेफ बेजोस की कंपनी में श्रम संबंधी प्रक्रियाओं पर सवाल उठते रहे हैं।

## जाम्बिया: पूर्व राष्ट्रपति लुंगु के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद जारी, दक्षिण अफ्रीका की अदालत में याचिका दाखिल

**जोहन्सबर्ग ।** जाम्बिया सरकार चाहती है कि लुंगु को देश में राजकीय सम्मान के साथ दफनाया जाए। हालांकि, लुंगु का परिवार इसके लिए मना कर रहा है, क्योंकि लुंगु और मौजूदा राष्ट्रपति हकाइंडे हिचिलेमा के बीच कड़ी सियासी लड़ाई थी।

अंतिम संस्कार के लिए काले कपड़े पहने लुंगु के परिवार के सदस्य प्रिटोरिया (दक्षिण अफ्रीका की प्रशासनिक राजधानी) की एक अदालत में सुनवाई के लिए पहुंचे। अभी यह साफ नहीं है कि जज इस पर कब फैसला सुनाएंगे। लुंगु 2015 से 2021 तक जाम्बिया के नेता रहे। पांच जून को दक्षिण अफ्रीका के एक अस्पताल में अज्ञात बीमारी के कारण 68 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।

जाम्बिया में उनके राजकीय



अंतिम संस्कार को दो बार रद्द किया गया, क्योंकि अंतिम संस्कार को लेकर मतभेद थे। परिवार और उनके वकीलों का कहना था कि हिचिलेमा अंतिम संस्कार में शामिल न हों। जबकि जाम्बिया सरकार का कहना है कि राजकीय अंतिम संस्कार की अध्यक्षता हिचिलेमा ही करेंगे। जाम्बिया के अटॉर्नी जनरल मुलिलो काबेशा ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका की अदालत में याचिका दायर की, जिसमें बुधवार को होने वाले अंतिम संस्कार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। अदालत के दस्तावेजों में कहा गया है कि पूर्व राष्ट्रपति को जाम्बिया में पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ दफनाया जाना चाहिए। ऐसा जाम्बिया के कानून

**जाम्बिया की सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति एडगर लुंगु के निजी अंतिम संस्कार को रोकने के लिए अदालत में याचिका दाखिल की। दक्षिण अफ्रीका में उनके अंतिम संस्कार से करीब एक घंटे पहले याचिका पर सुनवाई हुई**

में भी है। लुंगु और हिचिलेमा के लंबे समय से राजनीतिक विरोधी रहे हैं। 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में लुंगु ने हिचिलेमा को हराया था। 2017 में लुंगु की सरकार ने हिचिलेमा को राजद्रोह के आरोप में चार महीने के लिए जेल में बंद किया था। लुंगु के काफिले ने राष्ट्रपति के काफिले को रास्ता नहीं दिया था।

इस गिरफ्तारी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी आलोचना हुई थी और बाद में हिचिलेमा को रिहा कर आरोप हटा दिए गए। 2021 के चुनाव में हिचिलेमा ने लुंगु को हराया। पिछले साल लुंगु ने हिचिलेमा सरकार पर पुलिस का इस्तेमाल करके उनकी आवाजाही सीमित करने और उन्हें घर में नजरबंद करने का आरोप लगाया था, जिसे सरकार ने खारिज कर दिया था।

## ग्रीस दौरे पर पहुंचे भारतीय वायुसेना प्रमुख एपी सिंह, रक्षा साझेदारी को मिलेगी नई रफ्तार

**एथेंस ।** भारत और ग्रीस के रक्षा संबंधों को और मजबूती देने के मकसद से भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह आधिकारिक दौरे पर ग्रीस पहुंचे हैं। इस दौरे के दौरान ग्रीस की वायुसेना की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दोनों देशों के बीच जारी सैन्य सहयोग को नई दिशा देने की उम्मीद इस दौरे से जताई जा रही है।

सोमवार को एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ग्रीस पहुंचे। वहां पापागु मिलिट्री बेस स्थित हेलेनिक एयर फोर्स जनरल स्टाफ में ग्रीस के वायुसेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल डिमोस्थेनिस ग्रिगोरियादिस ने उनका औपचारिक स्वागत किया। इस दौरान उन्हें ग्रीस की वायुसेना की संरचना, मिशन और संचालन गतिविधियों की जानकारी दी गई।

लड़ाकू इकाइयों का किया दौरा



भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस दौरे का मुख्य उद्देश्य संचालन और प्रशिक्षण के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूती देना है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने ग्रीस की लड़ाकू इकाइयों का दौरा किया और स्टाफ टॉक्स में हिस्सा लिया। दोनों देशों की वायुसेनाएं पहले भी संयुक्त सैन्य अभ्यास जैसे 'इनियोखोस-23', 'इनियोखोस-25' और 'तरंग शक्ति-24' में भाग ले चुकी हैं।

गौरतलब है कि इन सैन्य अभ्यासों के जरिए दोनों देशों की सेनाओं के बीच इंटरऑपरेबिलिटी यानी एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने की क्षमता में इजाफा हुआ है। इसके साथ ही रणनीतिक साझेदारी भी मजबूत हुई है, जो वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में बेहद अहम मानी जा रही है।

# बृज विहार नाले के बीच में विद्युत विभाग की लाइन देख नाराज हुए नगर आयुक्त



## पुलिया के निर्माण में तेजी लाये सेतु निगम, जल प्रवाह की बनाये व्यवस्था : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक निरीक्षण के दौरान वसुंधरा जोन पहुंचे तथा बृज बिहार में चल रहे पुलिया निर्माण के कार्यों को देखा जिसको यूपी सीडा के माध्यम से सेतु निगम द्वारा किया जा रहा है। मानसून से पूर्व नालों की सफाई तथा नालों में लगी हुई रोक को हटाने का कार्य गाजियाबाद नगर निगम तत्परता से कर रहा है। बृज विहार पुलिया निर्माण में सेतु निगम द्वारा लगाई गई रोक से संबंधित नालों की ओवरफ्लो होने की संभावना बढ़ सकती है तथा जल भराव की स्थिति पैदा हो सकती है जिसको हटाने तथा कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश उपस्थित जे ई को दिये गए।



### तीन दिन के भीतर की जाए कार्रवाई : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार मौके पर जिनको नगर आयुक्त द्वारा बृज विहार नाले पर बनाए जा रहे पुल तथा नाले के बीच से जा रही विद्युत लाइन पर मॉनिटरिंग बनाए रखने के लिए भी कहा गया। किसी प्रकार की परेशानी क्षेत्र वासियों को जल भराव की ना हो विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज तथा वसुंधरा जोन से जोनल प्रभारी एसके राय उपस्थित रहे। निरीक्षण के उपरांत नगर आयुक्त ने सेतु निगम, विद्युत निगम तथा गाजियाबाद नगर निगम को संयुक्त रूप से बृज विहार नाले की सफाई, नाले बाधित जल को प्रवाहित करने, पुलिया निर्माण में लगी हुई रोक को हटाने, के लिए 3 दिन के भीतर कार्यवाही करने की निर्देश दिए।

### विद्युत निगम की लापरवाही, खामियाजा भुगत रहा नगर निगम


**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के क्रम में ही बृज विहार नाले के बीचो-बीच जा रही विद्युत लाइन पर भी नाराजगी जताई गई तथा उपस्थित निगम अधिकारियों को जांच करने के निर्देश दिए। बिना अनुमति के नालों के बीच में विद्युत निगम की इतनी बड़ी लाइन जल भराव का कारण बन रही है तथा नालों की सफाई में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। विद्युत निगम की लापरवाही, खामियाजा भुगत रहा है नगर निगम। मौके पर स्थिति को देखकर नगर आयुक्त द्वारा खुद फोटो क्लिक कर विद्युत विभाग के अधिकारियों को भेजा गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को विद्युत विभाग के साथ पत्राचार करते हुए बिना परमिशन के लगाई हुई विद्युत लाइन को हटवाने के निर्देश दिए गए।



# सदस्यता रद्द पार्षद ने पार कर दी हद

## बनवा ली मौजूदा पार्षद की नकली मुहर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** किस्सा नदिया पार के वार्ड-83 का है और किस्से में दोनों तरफ कमल है। सबसे बड़ी बात ये है कि मामले में पार्षद की फर्जी मुहर है। मामले का खुलासा हुआ तो शिकायत पुलिस में हुई, बाद में इस मामले में माफीनामे के साथ दोनों पक्षों में समझौता हो गया। श्याम पार्क क्षेत्र के वार्ड-83 से कविता भाटी पत्नी प्रवीण भाटी भाजपा की पार्षद हैं। इस वार्ड से आशुतोष भी पार्षद रहे थे, लेकिन कोर्ट के आदेश के बाद उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई। आशुतोष ने पार्षद कविता भाटी के नाम की फर्जी मुहर बनवा ली और इस मामले का खुलासा हुआ तो फिर साहिबाबाद थाने मामला पहुंचा, बाद में इस मामले में फैसला हुआ।



### इस तरह से हुआ खुलासा फर्जी मुहर बनवाने का

**(करंट क्राइम)।** कविता भाटी के पति प्रवीण भाटी को इस बात का पता तब चला जब वो लेटर पैड बनवाने के लिये गए थे। वहां लेटर पैड वाले ने ही उन्हें कहा कि आपकी मुहर तो बनने आई है। यह सुनकर प्रवीण भाटी चौंके और उन्होंने कहा कि मैंने कोई मुहर का ऑर्डर नहीं दिया, तब पता चला कि भूपेंद्र नाम के व्यक्ति के पास मुहर बनने के लिये आई है। प्रवीण भाटी ने फोन कर उससे पूछा तो पता चला कि उन्हें आशुतोष ने यह ऑर्डर दिया था। इसके बाद प्रवीण भाटी और कविता भाटी ने फर्जी मुहर के मामले में थाने में शिकायत कराई। उन्हें ये भी डाउट था कि उनकी मुहर का कुछ गलत इस्तेमाल ना हुआ हो।

### अगर मुहर का हुआ गलत इस्तेमाल तो हम होंगे जिम्मेदार

**(करंट क्राइम)।** जब मामला थाने में पहुंचा तो पता चला कि सीन में चारों तरफ भाजपा है और मामला संगठन के पास भी पहुंचा और फिर थाने में ही फैसला हुआ। इस फैसले में मुहर बनाने वाले भूपेंद्र ने लिखा कि वह लाजपतनगर का निवासी है और आशुतोष निवासी राजेंद्र नगर ने किसी कार्य को लेकर निगम पार्षद कविता भाटी की फर्जी मुहर बनवाई थी। जिसका प्रवीण भाटी को पता लग गया। हम दोनों यानी भूपेंद्र और आशुतोष पार्षद कविता भाटी से क्षमा प्रार्थी हैं। भविष्य में अगर इस मुहर का कोई दुरुपयोग पाया गया तो हम उत्तरदायी होंगे। इस फैसलेनामे पर भूपेंद्र, आशुतोष, संजीव भाटी सहित छह लोगों के हस्ताक्षर हैं।

### प्रवीण भाटी करते थे आशुतोष पर बहुत यकीन

**(करंट क्राइम)।** मामला मुहर से ज्यादा यकीन का निकला। बताया जाता है कि आशुतोष को जब टिकट मिला था तो प्रवीण भाटी ने उसके चुनाव में बहुत मेहनत की थी और सहयोग किया था। बाद में एसपी सिंह कोर्ट से मुकदमा जीत गए और आशुतोष की सदस्यता रदद हो गई। तत्कालीन नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने तो कोर्ट के आदेश के अनुपालन में ये आदेश भी दिये थे कि जो भी विकास कार्यों के पत्थर आशुतोष के नाम के लगे हैं उन्हें हटा दिया जाए। वहीं प्रवीण भाटी आशुतोष पर यकीन करते थे और जब उन्हें फर्जी मुहर मामले में आशुतोष का हाथ होने की जानकारी मिली तो वह दंग रह गए। वो भी समझ नहीं पाए कि आखिर आशुतोष ने उनकी पार्षद पत्नी के नाम की मुहर क्यों बनवाई।

# अवैध कब्जे से मुक्त सरकारी जमीन पर जीडीए ने की तारफैंसिंग



## भूखंडों को नियोजित कर आमजन मानस को उपलब्ध कराए जाएंगे आवासीय व व्यवसायिक भूखंड



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश सरकार के सरकारी जमीनों को अवैध निर्माण से मुक्त कराने के समय समय पर जारी दिशा निर्देशों के क्रम में इंदिरापुरम के कनावनी में मंगलवार को अवैध कब्जे से मुक्त करायी गई करीब 800 करोड़ लागत की जमीन पर पिलर खड़े करने और तारफैंसिंग का कार्य युद्ध स्तर पर आरंभ कर दिया गया है।

### सरकारी काम में बाधा डालने वालों के खिलाफ प्राधिकरण करेगा एंटी भू माफिया के तहत कार्रवाई

**करंट क्राइम।** प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा मंगलवार को प्राधिकरण के प्रवर्तन एवं अभियंत्रण अनुभाग के द्वारा संयुक्त रूप से जीडीए के द्वारा अर्जित भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की कार्रवाई की समीक्षा की गई। इस दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रवर्तन और अभियंत्रण अनुभाग संयुक्त रूप से ये सुनिश्चित करें कि जीडीए की जमीन पर किसी भी स्तर से अनधिकृत व्यक्तियों जैसे रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी लोगों द्वारा कब्जा न किया जाये। ये भी हिदायत दी गई कि पिलर खड़े करने एवं तारफैंसिंग के दौरान यदि किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया जाता है तो संबंधित के खिलाफ एंटी भूमाफिया के अंतर्गत पुलिस में एफआईआर दर्ज की जाए।

### प्राधिकरण ने आरएफपी / लेआउट तैयार करने की कार्रवाई भी की आरंभ

**करंट क्राइम।** बैठक के दौरान अवैध कब्जे से मुक्त करायी गई जमीन पर चारदीवारी के निर्माण का प्लान प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए। इसके साथ ही आर एफ पी / लेआउट तैयार कर प्रस्तुत करने के दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान ले-आउट तैयार करने की कड़ी में टीम के द्वारा की गई कार्रवाई के प्रगति की भी जानकारी हासिल की गई। यहां बता दे कि प्राधिकरण को शिकायत मिली थीं कि प्राधिकरण की इंदिरापुरम के कनावनी की करीब दस हैक्टेयर जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करते हुए अनधिकृत व्यक्तियों जैसे रोहिंग्या एवं बंगलादेशी लोगों को बसाया गया है। शिकायतों की जांच कराते हुए संबंधित लोगों को नोटिस जारी किया गया था व कई बार स्थल खाली कराये जाने हेतु मुनादी करायी गयी थी। परंतु सरकारी भूमि खाली ना किये जाने पर मंगलवार को प्राधिकरण की टीम द्वारा पुलिस सहायता से अर्जित भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। जीडीए आर एफ पी / लेआउट तैयार होते ही नियोजन अनुभाग के सहयोग से प्लानिंग करते हुए आमजन मानस को भूखंड उपलब्ध करायेगा।

# एचआरआईटी विश्वविद्यालय में सीपीएस लैब का आज होगा उद्घाटन

## छात्रों के भविष्य के करियर को मिलेगी एक नई उड़ान : अनिल अग्रवाल

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भारत में साइबर-फिजिकल सिस्टम क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ द्वारा स्थापित अत्याधुनिक सीपीएस लैब का उद्घाटन दिनांक 26 जून 2025 को एचआरआईटी विश्वविद्यालय, गाज़ियाबाद में किया जाएगा। एचआरआईटी विश्वविद्यालय ने आईआईटी रोपड़ के साथ एक ऐतिहासिक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके अंतर्गत एचआरआईटी के छात्रों को आईआईटी रोपड़ के एलुमनाई का दर्जा, 45 क्रेडिट्स का पाठ्यक्रम आईआईटी रोपड़ द्वारा पढ़ाया जाएगा और स्टार्टअप में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए 25 लाख रुपए तक की सीड कैपिटल/आर्थिक सहायता प्राप्त होगी।

इसके अतिरिक्त, लगभग 10 दिनों का छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिससे छात्रों को आईआईटी के शैक्षणिक वातावरण का प्रत्यक्ष अनुभव मिल सकेगा। छात्रों की मार्कशीट और डिग्री पर आईआईटी की मुहर भी होगी, जो उनके भविष्य के करियर को एक नई उड़ान देने का कार्य करेगी।






### मुख्य अतिथि होंगे प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

**करंट क्राइम।** इस गरिमामयी अवसर के मुख्य अतिथि होंगे प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा जिनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रशंसनीय रही है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता/ अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में आईआईटी रोपड़ के निदेशक, प्रोफेसर राजीव आहूजा उपस्थित रहेंगे, जो संस्थान के इस महत्वपूर्ण कदम की जानकारी साझा करेंगे। एचआरआईटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल समारोह की अध्यक्षता करेंगे एवं स्वागत भाषण द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। यह आयोजन शैक्षणिक और तकनीकी क्षेत्र के विशेषज्ञों, छात्रों और शोधकताओं के लिए नवाचार और सहयोग का मंच प्रदान करेगा।

# धर्म बदलकर निकाह करने का दबाव ब्लैकमेल करके दो लाख रुपए ऐंटे

## पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, जांच शुरू

**नोएडा (करंट क्राइम)।** फेज-दो क्षेत्र की एक कंपनी में काम करने वाली एक महिला ने दूसरे समुदाय के पिता-पुत्र पर ब्लैकमेल करके दो लाख रुपए ऐंठने और जबरन धर्म परिवर्तन करके निकाह के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से जिला जालौन की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह कुछ समय पहले तक नोएडा की एक प्राइवेट कंपनी में काम करती थी। इस कंपनी में खीरी निवासी आजिम उर्फ नाजिम भी काम करता था। यहां दोनों की मुलाकात हुई।

### निकाह करने का बनाया दबाव

आरोप है कि आजिम ने उसे झांसे में लेकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे करके आरोपी ने पीड़िता ने दो लाख रुपए भी ऐंठ लिए। इसके बाद आरोपी ने उस पर जबरन धर्म परिवर्तन करके निकाह करने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। बात न मानने पर धमकी देने लगा। पीड़िता का कहना है कि जब उसने मना कर दिया तो आरोपी ने पीड़िता के भाईयों और बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। साथ ही कहा कि जो उसके रास्ते में आएगा वह उसकी हत्या कर देगा।



पीड़िता किसी तरह नोएडा छोड़कर जिला जालौन स्थित अपने पैतृक गांव पहुंची। जहां पता चला कि आरोपी ने महिला के फोटो और वीडियो से छेड़छाड़ करके सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके चलते पीड़ित को मानसिक पीड़ा हो रही है। पीड़िता का कहना है आरोपी का पिता कमलुद्दीन आपराधिक प्रवृत्ति का है। वह उसके परिजन को हत्या की धमकी दे रहा है। आरोपी और उसके परिजन वर्तमान में सेक्टर-87 में रहते हैं।

### नोएडा पुलिस कर रही जांच

पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर जालौन पुलिस ने जीरो अपराध संख्या पर मुकदमा दर्ज करके केस को नोएडा ट्रांसफर कर दिया था। केस में जांच अधिकारी नियुक्त कर दिया है। जल्द ही जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जो 70 साल में नहीं हुआ, वह मोदी सरकार ने 11 सालों में कर दिखाया : बॉबी त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर उपाध्यक्ष गाजियाबाद बॉबी त्यागी ने कहा कि 70 साल पहले कांग्रेस की सत्ता थी और सत्ता में रहकर कांग्रेस ने कुछ भी देश का विकास नहीं किया। जैसे ही 2014 में मोदी प्रधानमंत्री बने उन्होंने अनगिनत ऐतिहासिक कार्य किए जिनका कि भारतवासियों को विश्वास ही नहीं था। पीएम मोदी ने अपने कार्यकाल में इंफ्रास्ट्रक्चर को इतना सुदृढ़ कर दिया कि जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक लोगों को जाने के लिए परिवहन के रास्ते रेल मार्ग के द्वारा या फिर हवाई मार्ग के द्वारा जाना बहुत ही आरामदायक समय से और सुविधाजनक हो गया है।

पीएम मोदी ने अपने 11 साल के कार्यकाल में देश की जनता को, व्यवसाईयों को, महिलाओं को, बेरोजगारों को ऐसा अतुलनीय तोहफा दिया है कि सभी वर्ग खुशहाली से अपना जीवनयापन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ऐतिहासिक कार्यों जैसे कि धारा 370 को हटाना, परिवारवाद को खत्म करना, पहलगाम हमले का जवाब जैसे अनेक कार्य किए हैं जिनसे कि देश की जनता का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कायम है। पिछले 11 सालों से देश की जनता पीएम मोदी को पसंद कर रही है। अब देश की जनता को विश्वास है कि आने वाले समय में हमारा भारत देश उन्नति के उस शिखर को पाएगा जिससे भारत दुनिया में पहला शक्तिशाली देश बनेगा जिस पर सिर्फ भारतीय को ही नहीं बल्कि विदेशियों को भी गर्व होगा।

# हाउस टैक्स बढ़ाकर गाजियाबाद नगर निगम ने अपराध किया है: अजय राय

## कांग्रेस नेता नसीम खान की ओर से चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को सराहा





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम ने हाउस टैक्स में बढोत्तरी कर अपराध किया है। इसकी सजा नगर निगम को मिलनी चाहिए। जल्द ही लखनऊ कार्यालय पहुंच कर नगर विकास मंत्री को पत्र लिखकर हाउस टैक्स कम करने के लिए कहेंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने हाउस टैक्स को बढाने के विरोध में कांग्रेस नेता नसीम खान की ओर से चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान का समर्थन किया है।

कांग्रेस नेता नसीम खान ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय से नगर निगम द्वारा बढ़ाया गया हाउस टैक्स के विरोध में चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कराए। नसीम खान ने अजय राय को एक पत्र दिया जिसमें नगर आयुक्त गाजियाबाद को हाउस टैक्स कम करने को लेकर एक पत्र लिखने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष जी ने कहा कि वे लखनउ जाकर पत्र लिखेंगे। अजय राय ने हस्ताक्षर अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को जनता के मुद्दों के लिए ऐसे ही लड़ना चाहिए।

नसीम खान ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को जानकारी दी कि गाजियाबाद की जनता इस बड़े हुए टैक्स के खिलाफ है। लोग इसका विरोध कर रहे है लोग बड़ी तादाद में हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा ले रहे है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गाजियाबाद सतीश शर्मा, महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद वीर सिंह जाटव, कॉर्डिनेटर गाजियाबाद राजकुमार पंडित, कॉर्डिनेटगाजियाबाद अजय चौधरी, प्रदेश कार्डिनेटर डाक्टर संजीव शर्मा, सुनील शर्मा, पवन शर्मा, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस कपिल यादव, जिला अध्यक्ष एनएसयूआई सलमान मंसूरी, विधानसभा अध्यक्ष मुरादनगर संबुज शर्मा, हाजी खुर्शीद, अमित यादव, महिला महानगर अध्यक्ष खुशनुमा प्रवीण, धोलना विधानसभा अध्यक्ष सलमान अब्बासी, गाजियाबाद विधानसभा अध्यक्ष कृष्णा गौतम, साहिबाबाद विधानसभा अध्यक्ष साहिल अब्बासी आदि शामिल रहे।

# भागीरथ पब्लिक स्कूल में एक्सियम मिशन-4 की सफलता के लिए शुरू हुआ महामृत्युंजय जाप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत के सपूत शुभांशु शुक्ला एक्सियम मिशन-4 के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस के लिए क्या निकले पूरे देश में उनके और उनकी टीम की सफलता के लिए दुआओं का दौर शुरू हो गया। गाजियाबाद के भागीरथ पब्लिक स्कूल में भी इस मिशन की सफलता के लिए पूजा अर्चना की गई। इस मिशन की सफलता के लिए स्कूल में शिक्षक-शिक्षकों द्वारा महामृत्युंजय मंत्र का जाप भी शुरू किया गया।



### 14 दिन तक किया जाएगा महामृत्यंजय जाप

**करंट क्राइम।** भागीरथ पब्लिक स्कूल के निदेशक अनादि सुकुल ने बताया कि स्कूल की अटल टिंकरिंग लैब में इस मिशन की सफलता के लिए बाकायदा महामृत्युंजय जाप की व्यवस्था की गई है। यह जाप अब से लेकर 14 दिन तक प्रतिदिन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व का समय है जब 41 साल बाद यह मौका आया है कि हमारा देश अपने बलबूते अंतरिक्ष में पहुंचा है। उन्होंने कहा कि हम सभी भारतीय इस मिशन के लक्ष्य की पूर्ति और मिशन पर गए सभी भारतीयों की कुशलता के लिए प्रार्थना करते हैं। स्कूल प्रांगण में पंडित कैलाश चंद्र कर और पंडित मुकेश मिश्रा ने यह संकल्प लिया कि वह इस मिशन की सफलता के लिए प्रतिदिन महामृत्युंजय जाप करेंगे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के पूर्व लोकसभा सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल वीके सिंह और उनकी पत्नी भारती सिंह ने अपने सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन की गोल्डन जुबली मनाई। मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को समाज सेवक अजय गुप्ता ने फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।